Swarn Shilp®
CHAINS & JEWELLERS PVT. LTD.
An exclusive AR brand



SKY GOLD



RNI No. MAHHIN/2008/24974, Regd No. MCS-206/2022-24, Post at Mumbai Patrika Channel Stg. Office, Mumbai G.P.O., Mumbai-01,
Posting Date-14-15 Every Month, Publishing Date 14 Every Month.

# आभूषण टाइम्स

वर्ष : 17 | अंक : 08 | अक्टूबर 2024 | मासिक | पृष्ठ : 44 | मूल्य :₹ 50

IIJS SIGNATURE 2025
INDIA INTERNATIONAL JEWELLERY SHOW
4th - 7th January, 2025
Jio World Convention Centre- Mumbai
5th - 8th January, 2025
Bombay Exhibition Centre- Mumbai

Concurrent Show
IGJME INDIA GEM & JEWELLERY MACHINERY EXPO
SIGNATURE, Mumbai 2025

GJEPC INDIA
Sponsored by Ministry of Commerce & Industry

YOUR GATEWAY TO THE GLOBAL JEWELLERY MARKET.


Brilliant Bharat™
AN IIJS THEME

Special Attraction
The Select Club
EXCLUSIVE HIGH-END COUTURE JEWELLERY SECTION

Scan for Visitor Registration

IIJS. WHERE BUSINESS HAPPENS.

The Gem & Jewellery Export Promotion Council
Sponsored by Ministry of Commerce & Industry
Toll Free Number : 1800-103-4353 | Missed Call Number : +91-7208048100
www.gjepc.org | gjepcindia | gjepcindia | gjepcindia | iijs.gjepc


SHANTI
GOLD
International Ltd.
Be Unique,
Be Special,
Be Pretty
+91 9819514517
order@shantigold.in
www.shantigold.in
Andheri East


GM
SWITCH TO A BETTER WORLD
THE ULTIMATE BREEZY COMFORT
AERO360
CEILING FAN
Introducing the unique Aero 360 Ceiling Fan, which features a special LED speed indicator on the base. The novel indicator displays air speed and is visually appealing, adding a modern touch to interiors. The aerodynamic blades are perfectly designed to provide a cool wind and a relaxing experience, while saving high energy costs.
Remote
White Gold
Brown Chrome
Wenge Wood Gun Metal
Black Gun Metal
Oak Wood Chrome
MODULAR SWITCHES • TOUCH SWITCHES • Wi-Fi SWITCHES • HOME AUTOMATION SOLUTIONS • BLUETOOTH MUSIC SYSTEM
VIDEO DOOR PHONES • LED LIGHTING • WIRES & CABLES • PVC PIPES & FITTINGS • DBs, MCBs & RCCBs • FANS & APPLIANCES
Our Exclusive Experience Centres
www.gmmodular.com | info@gmmodular.com |
Mumbai - Andheri +91 88799 18221 Lohar Chawl 022 2206 6545 Bengaluru +91 80409 71188 Belgaum +91 99453 33107 Hyderabad +91 40247 34545
Vijayawada +91 86624 99945 Jalore +91 29732 22288 Bhilwara +91 8955048560 Calicut +91 49527 73500 Noida +91 99501 52527 Kolkata +91 33406 02048
Ranchi +91 94715 55599 Tirunelveli +91 94431 51008 Patna +91 70048 36171 Coimbatore +91 99523 07025 Puducherry +91 41345 00222 Surat +91 91520 88884
International - Dubai +97 142 51 80 08 +97 143 54 40 36 Spain +34 677 62 09 45 Kenya +254729234315




# बाजार में रौनक, रेट बढ़े तो भी वैडिंग और फेस्टिवल सीजन में सेल भी बढ़ेगी

> पिछले 10 वर्षों में गोल्ड की कीमतें लगातार बढ़ी हैं, जिसके कारण गोल्ड के निवेशकों को पिछले एक दशक में काफी अच्छा रिटर्न मिला है। उसी वजह से गोल्ड की इस तेजी के बावजूद लोगों को कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा है कि वह बढ़ रहा है। हां, कुछ दिन के लिए लोग प्रतीक्षा जरूर करते हैं कि थोड़ा सा नीचे उतरेगा तब खरीद लेंगे, ताकि ज्यादा मुनाफा कमाया जा सके।

दीपावली आ रही है, फेस्टिवल सीजन के साथ साथ विवाह का सीजन भी आ रहा है, और हाल ही में ज्वेलरी एग्जीबिशन जीजेएस तथा उससे पहले आईआईजेएस प्रीमियर जैसे ज्वेलरी की सेल बढ़ाने के आयोजनों के भी सफल समापन भी हो चुके हैं। लेकिन आभूषण टाइम्स के अवलोकन में जो तथ्य सामने आए हैं, उनमें सबसे अहम तथ्य यही है कि गोल्ड की बढ़ती कीमतों पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। खरीददार इंतजार कर रहे हैं कि गोल्ड की कीमतें कुछ नीचे आएं या फिर थमें, तो खरीदी करें, लेकिन गोल्ड की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। इसी वित्तीय वर्ष की शुरूआत, अर्थात 1 अप्रेल 21 मार्च 2024 को भारत में गोल्ड की कीमतेंअपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी, तो सभी ज्वेलर्स चौकन्ने हो रहे थे। हमने देखा था कि अपने ऑल टाइम हाई लेवल पर 24 केरेट गोल्ड की 10 ग्राम की कीमतें लगभग 68 हजार के आसपास ट्रेंड कर रही थी, जो कि दीपावली के महीने भर पहले नवरात्रि के मध्य में ही ये 78 हजार रुपए पर पहुंच गई। इस तरह से केवल 6 महीने में ही गोल्ड ने 15 फीसदी की तेजी पकड़ ली। आभूषण टाइम्स भी आपके साथ साथ इस बात का गवाह है कि पिछले 10 वर्षों में गोल्ड की कीमतें लगातार बढ़ी हैं, जिसके कारण गोल्ड के निवेशकों को पिछले एक दशक में काफी अच्छा रिटर्न मिला है। उसी वजह से गोल्ड की इस तेजी के बावजूद लोगों को कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा है कि वह बढ़ रहा है। हां, कुछ दिन के लिए लोग प्रतीक्षा जरूर करते हैं कि थोड़ा सा नीचे उतरेगा तब खरीद लेंगे, ताकि ज्यादा मुनाफा कमाया जा सके। क्योंकि सामान्य निवेशक भी इस तथ्य को जान गया है कि आने वाले दिनों में गोल्ड 1 लाख रुपए के पास जाएगा। दुनिया भर के देशों की खराब होती अर्थव्यवस्था और रुस - यूक्रेन के युद्ध के बाद अब मिडल ईस्ट में भी इजराइस के युद्ध ने गोल्ड की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। लेकिन साथ ही यह भी देखा जाना चाहिए कि डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमतों ने भी गोल्ड को मजबूती दी है। माना जा रहा है कि 2030 तक गोल्ड की कीमतें वर्तमान की दुगनी से भी बहुत आगे पहुंच जाएगी।

भारत जैसे देशों में पूरे साल बड़ी संख्या में हर शहर में हर स्तर पर ज्वेलरी एग्जिबिशन शो होते हैं। हम देख रहे हैं कि इन ज्वेलरी एग्जिबिशन ने छोटे - मोटे व्यवसायों को हर लेवल पर समान अवसर प्रदान किए है क्योंकि वे खरीददारों की भारी भीड़ को आकर्षित करते रहे हैं। इसी दिशा में देखें, तो हाल ही में मुंबई में जीजेसी का एक ज्वेलरी शो - जीजेएस भी संपन्न हुआ। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काइंसिल (जीजेसी)ने ज्वेलरी बिजनेस को बढ़ावा देने और इसके विकास में अपनी सहभागिता दर्शाने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर के जेम्स एंड ज्वेलरी शो (जीजेएस) के नाम से ज्वेलरी एग्जिबिशन का आयोजन किया। जीजेएस की सफलता के बारे में आयोजक संस्था ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी)के पदाधिकारियों का दावा है कि इस ज्वेलरी एग्जिबिशन के माध्यम से वे ज्वेलर्स की आशाओं पर खरा उतरने के हर प्रयास में सफल रहे। आभूषण टाइम्स सदा से ही बाजार की भावनाओं को समझकर चलता रहा है तथा हर बात को सही दिशा में आगे बढ़ाने की पहल करता रहा है। इसीलिए हमारा कहना है कि किसी भी एक आयोजन को दूसरे से तुलना करते हुए देखना सही बात नहीं है। किसी भी 40 साल के सफलतम व्यक्ति से 3-4 साल के बच्चे की तुलना करना किसी भी तरीके से समझदारी नहीं मानी जाती। इस लिहाज से यह सही है कि ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी)के पदाधिकारियों का दावा सही है कि उनका यह ज्वेलरी एग्जिबिशन बाजार में एक नई दिशा देने की तरफ लगातार उन्नति कर रहा है। यदि हम किसी के प्रयासों को सराहेंगे, प्रोत्साहन देंगे, तभी तो वह सफलता के पथ पर आगे बढ़ेगा। इस दृष्टिकोण से ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काइंसिल (जीजेसी)के पदाधिकारियों के प्रयास काफी सराहनीय रहे कि वे जीजेएस ज्वेलरी एग्जिबिशन के माध्यम से बाजार को संगठित करने की दिशा में सफलता के पथ पर अग्रसर हैं।

अब करते हैं फेस्टिवल सीजन और उसके साथ ही आ रहे विवाह के सीजन की बात। तो, हम देखते हैं कि हर दीपावली सीजन के चलते गोल्डव सिल्वर ज्वेलरी की मांग में रेकार्ड तेजी आती रही है। हालांकि, गोल्ड पर इम्पोर्ट ड्यूटी कम होने के बाद गोल्ड के रेट्स जितनी तेजी से घटे थे, अब उससे भी ज्यादा तेजी के साथ गोल्ड के रेट्स बढ़ गए हैं। फिर भी फेस्टिवल सीजन और उसके साथ ही आ रहे विवाह के सीजन में गोल्ड के गेट बढ़ने के बावजूद सेल भी तेज होवे की पक्की संभावना हैं। फेस्टिव सीजन में खरीदारी में खास होता है, सो आने वाले कुछ महीने सेल में तेजी रहेगी, उसकी आभूषण टाइम्स की ओर से आपको बधाई।





सिद्धराज लोढ़ा




www.shringar.ms |
Jewel World, Cotton Exchange Building, Kalbadevi Road, Mum - 400 002. Tel - 022-43111222




संपादक
सिद्धराज लोढ़ा

प्रबंध संपादक
राकेश लोढ़ा

सह संपादक
अखिल लोढ़ा
कुणाल लोढ़ा

डिजाइन
रवि गोरुले
कमलाकर तावडे

प्रिन्टर
प्रतिक ऑफसेट, मुंबई

सेल्स एवं ऑफिस प्रबंधक
सुरेश बोर्ले
हरिशंकर लोधी
तुकाराम ठीक

प्रतिनिधि
दिनेश त्रिवेदी
08765908424

आभूषण टाइम्स

407, कालबादेवी रोड,
दौलत भवन, दुसरा माला,
ऑफिस नं. 203 मुंबई - 400 002.

Tel.: 022-2201 7091 / 022-2240 0338
E:mail:. aabhusantimes@gmail.com
Visit on us:. www.aabhusantimes.com

# आभूषण टाइम्स
मासिक

भारत की नं. 1 हिन्दी ज्वेलरी मैगजिन

वर्षः 17, अंकः 08, अक्टूबर-2024

04 बाजार में रौनक, रेट बढे तो भी वेडिंग और फेस्टिवल सीजन में सेल भी बढ़ेगी

08 और बढ़ेगी गौल्ड की चमक
*सन 2030 तक गोल्ड 2 लाख से भी ज्यादा ऊपर जाने की संभावना*

16 सोना आयात तिगुना, दाम 3000 रुपए बढ़े फिर भी त्योहारों में मांग 30 प्रतिशत बढ़ेगी

18 आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स
*बेहतरीन क्वालिटी के साथ ज्वेलरी की दुनिया में दमदार मुकाम पर*

24 सोने को गिरवी रखने को उतावले हो रहे लोग 10 लाख करोड़ के सोने पर ले लिया कर्ज

28 सिल्वर 1 लाख के पार जाना तय
*कुछ ही दिन में सिल्वर सवा लाख पर भी संभव*


30 दिवाली पर कितने बढ़ेंगे दाम?
त्योहार और शादी के सीजन पर सोना होगा महंगा

38 जीजेएस बना विकास का आधार
*ज्वेलरी इंडस्ट्री की उम्मीद के मुताबिक सफल रही जीजेसी की एग्जीबिशन*

40 महाराष्ट्र सरकार द्वारा इंडिया ज्वैलरी पार्क के लिए स्टाम्प ड्यूटी छूट की पेशकश-जीजेईपीसी

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक लोढ़ा सिद्धराज सोहनराजजी द्वारा फ्लॅट नं. 702, 7वां माला, प्राइम रोज, स्वरूप को.हॉ.सोसायटी, अंधेरी (वेस्ट), मुंबई-400058, 407 कालबादेवी रोड, दौलत भवन, दुसरा माला, ऑफिस नं. 203, मुंबई - 400002, से प्रकाशित कर प्रतिक ऑफसेट, 180 सी, गायवाडी, कर्नाक कंपाउंड, गिरगांव, मुंबई 400004 से मुद्रित। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र मुंबई रहेगा।

LAXMI
DIAMONDS
BENGALURU



## Laxmi Diamonds Bengaluru

# Crafting Timeless Legacies

For Any Business Enquiry Call Mr.Laxman
+91 9380888030 / +91 9322941537

**A UNIT OF LAXMI IMPERIAL PVT LTD**

A leading manufacturer of closed setting diamond jewellery

www.laxmidiamonds.com



सन 2030 तक गोल्ड 2 लाख से भी ज्यादा ऊपर जाने की संभावना

# और बढ़ेगी गोल्ड की चमक



राकेश लोढ़ा

गोल्ड अपनी चमक बढ़ा रहा है, बढ़ाता ही जा रहा है और आने वाले कुछ साल तक इस चमक के फीकी पड़ने की कोई संभावना भी नहीं दिखती। गोल्ड में पिछले साल भर में जो तेजी देखने को मिली है, उसे ऐतिहासिक तेजी कहा जा सकता है क्योंकि रेट 60 हजार के स्तर से ऊपर उठकर से 80 हजार का आसमान छूने के स्तर पर पहुंच गए हैं। विशेषज्ञों को उम्मीद है कि इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड अगले साल 2025 में 3000 डॉलर के स्तर को छू लेगा, जो कि अभी 2684 का आंकड़ा तो छू चुका है और अक्टूबर के पहले सप्ताह के अंत तक 2654 पर क्लोज हुआ। इससे साफ लगता है कि अगले साल गोल्ड इंटरनेशनल मार्केट में लगभग 350 पॉइंट की तेजी पकड़ेगा, तो भारत में लगभग 15 हजार से 20 हजार रुपए के बीच गोल्ड के रेट बढ़ेंगे। मतलब, साफ है कि 2025 के अंत तक भारत में गोल्ड के 1 लाख के आसपास पहुंचने के संकेत मिल रहे हैं, जो कि दिख भी रहे हैं। ऐसे में यह कहना उचित होगा कि ज्वेलरी मार्केट में खरीदी में तेजी आ सकती है क्योंकि जैसे जैसे गोल्ड के भाव बढ़ने की बात लोगों तक पहुंचती है, तभी वे महंगा होने से पहल खरीदने के लिए बाजार की ओर भागते हैं कि कहीं बाद में रेट बढ़ न जाएं, उससे पहले ही खरीदी करके मुनाफा कमाया ला जाए। इस हिसाब से ज्वेलरी मार्केट के लिए सकारात्मक संकेत है। गोल्ड का गहन अध्ययन करने वाले बताते हैं कि दुनिया भर के देशों के जो आर्थिक - सामरिक हालात होते जा रहे हैं, उनके बीच इंटरनेशनल मार्केट में लॉन्गटर्म पूर्वानुमान के मुताबिक, सन 2026 में गोल्ड के रेट्स 3500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकते है, तो सन2027 में गोल्ड के रेट्स 4000 डॉलर से भी ऊपर जा सकते हैं। इसी तेजी से बढ़त बनाते हुए गोल्ड 2029 में 4800 डॉलर और 2030 तक 5000 डॉलर से ज़्यादा ऊपर जा सकता है। इसका मतलब साफ है कि भारत में गोल्ड अगले 6 साल में 2 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से आगे भी जा सकता है।

**इसी साल 31 जनवरी, 2024 को गोल्ड के रेट्स 62715 रुपये प्रति 10 ग्राम थे, जो अक्टूबर 2024 के पहले सप्ताह की क्लोजिंग तक 77500 पर पहुंच गए। इसी से समझा जा सकता है कि गोल्ड में इस साल अब तक भारत में हाजिर कीमतों में बहुत बड़ी वृद्धि हुई है।गोल्ड अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह के अंत तक 2,560 डॉलर के दौरान 77500 के आसपास कारोबार करता रहा, लेकिन, विशेषज्ञों का अनुमान है कि युद्ध के बढ़ते हालात और आर्थिकी दोनों ही बुलियन की कीमतों की बढ़ोतरी में मदद करेंगे।**

ज्वेलरी बिजनेस में जो लोग पिछले 50 साल से हैं, उन परंपरागत एवं पीढ़ी दर पीढ़ी व्यापार सम्हालने वाले ज्वेलर्स के लिए यह तेजी किसी चमत्कार से कम नहीं है। क्योंकि गोल्ड में ऐसी तेजी कभी नहीं देखी, वह बहुत तेजी से बढ रहा है। लेकिन नई पीढ़ी पीढ़ी के जो लोग पढ़ लिख कर दुनिया जहान की जानकारी जुटाकर गोल्ड, सिल्वर या ज्वेलरी के बिजनेस में आए हैं, उनको यह तेजी सामान्य लग रही है क्योंकि उनका मानना है कि सारी दुनिया आगे बढ़ रही है, तो गोल्ड की शाइनिंग भी बढ़ रही है। लेकिन भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2024 में अब तक 87.6 बिलियन डॉलर तक बढ़ चुकाहै, जो कि पिछले पूरे साल की 62 बिलियन डॉलर की वृद्धि से बहुत ज्यादा है। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट, रुपए के मुकाबले भले ही थोड़ा सा ही सही, लेकिन अपेक्षाकृत कमजोर होता डॉलर और पूरे विश्व में बढ़ती की कीमतों में वृद्धि के कारण भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई। हमारे देश में विदेशी मुद्रा भंडार ही गोल्ड की कीमतों को सपोर्ट करता है, इसी कारण ज्वेलर्स को या बुलियन विक्रेताओं को घबराने की जरूरत नहीं है कि गोल्ड तेजी से बहुत ज्यादा ही आगे बढ़ रहा है, तो फिर गिरेगा भी तेजी से। आभूषण टाइम्स की आपको सलाह है कि निश्चित रूप से गोल्ड गिरेगा, लेकिन धड़ाम से नहीं गिरेगा। 80 हजार का स्तर छुकर वह थोड़ा सा नीचे आ गया तो भी कोई आसमान फटेगा नहीं। और 75 हजार पर भी आ गया, तो यकीन मानिये कि वह ज़्यादा दिन नहीं ठहरेगा, वह फिर से दो छलांग ऊपर उठकर सीधे 85 हजार का आंकड़ा पार करता हुए सीधा 90 हजार तक पहुंचेगा। वैश्वक स्तर पर गोल्ड के जानकार मान रहे हैं कि साल 2024 के अंत तक ही गोल्ड 1 लाख का स्तर छूता दिख सकता है, लेकिन कुछ लोग 1 लाख का आंकड़ा कुछ ज्यादा मानते हुए बताते हैं कि गोल्ड इसी साल हर हाल में 85 हजार का आंकड़ा तो पार कर ही सकता है।

गोल्ड में चढ़त-बढ़त हर पल देखी जाती है, इस कारण पिछले बीते महीने सितंबर 2024 की बात करें, तो गोल्ड केवल 3 सप्ताह में ही 70 हजार से 78 हजार पर पहुंच गया। उससे पहले जुलाई महीने में महीने भर की मजबूत बढ़ोतरी के बाद के बाद, अगस्त में गोल्ड ने एक और शानदार लाभ दर्ज किया और 3.6% बढ़कर इंटरनेशनल लेवल पर कॉमेक्स 2513 पर बंद हुआ। और उसी महीने के तीसरे सप्ताह के अंत में बहुत मामूली गिरावट से पहले 20 अगस्त को यह अपने एक नए आल टाइम हाई लेवल स्तर पर पहुंच गया। इस तरह से हम अगर हमारे गोल्ड रिटर्न एट्रिब्यूशन मॉडल का अध्ययन करते हैं, तो अमेरिकी डॉलर में गिरावट और कुछ हद तक 10 साल के ट्रेजरी यील्ड में कमी के कारण गोल्ड की कीमतों में ताजा उछाल आया, क्योंकि अमरीकी फेडरल बैंक ने वहां पर ब्याज की दरों में कटौती का समय आ जाने के संकेत दे दिए थे। अगस्त व सितंबर में यह भी खास बात रही कि जुलाई के अंत में भारत में गोल्ड पर इंपोर्ट ड्यूटी में 9 फीसदी की उल्लेखनीय कटौती की गई, जिससे देश में गोल्ड की डिमांड को बहुत तेजी से बढ़ावा मिला। कुछ जानकार बताते हैं किगोल्ड पर इंपोर्ट ड्यूटी में 9 फीसदी कटौती के बाद ज्वेलरी के रिटेल सेलर्स के साथ-साथ उपभोक्ताओं की ओर से भी मजबूत खरीदारी की गई।

हमारे देश में देखा जाए, तो स्वास्थ्य के बाद गोल्ड को ही वास्तविक धन माना जाता है। फिर यह हमारी संस्कृति से भी जुड़ा है। इतिहास गवाह है कि हमारी भारतीय संस्कृति में गोल्ड केंद्रीय भूमिका में सदा से रहा है। इसे दुनिया की किसी भी वस्तु के मूल्य के आंकलन का पैमाना कहा जाता है तथाधन और प्रतिष्ठा के प्रतीक सहित विवाह, जन्म, पूजा आदि कई अनुष्ठानों का एक मूलभूत हिस्सा माना जाता है। देश की ग्रामीण आबादी में, गोल्ड के प्रति गहरा लगाव इसको सहेज कर रखने के साथ साथ मुश्किल दिनों का मुकाबला करने के हथियार के रूप में भी देखा जता है, इसीलिए इसके निवेश के रूप में ज्वेलरी की पोर्टेबिलिटी और आर्थिक सुरक्षा के व्यावहारिक सिद्वांत के साथ गोल्ड का माना जाता है। गोल्ड व्यक्तिगत जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। गोल्ड ज्वेलरी गिफ्ट करना हमारे समाज में विवाह केविभिन्न रीति रिवाजों में एक गहरा हिस्सा माना जाता है, उसी कारण है भारत में वार्षिक गोल्ड की डिमांड का लगभग 50 प्रतिशत गोल्ड ज्वेलरी सेक्टर में खपता है। वैसे देखा जाए, तो जैन व हिंदू संस्कृतियों में गोल्ड को विशेष रूप से बहुत ही शुभ माना जाता है। तो इसीलिए गोल्ड ज्वेलरी वैश्विक स्तर पर भी खरीदी के क्षेत्र में अपनी धाक जमा रही है। गोल्ड की वैश्विक डिमांड में भारत अकेला देश है जहां 50 फीसदी गोल्ड ज्वेलरी में खपता है। पूरी दुनिया के सभी देशों में गोल्ड की सालाना डिमांड का प्रमुख बड़ा स्रोत विदेशी मुद्रा भंडारण है, लेकिन भारत में इसके अलावा ज्वेलरी सेक्टर भी बड़ा कारण है, क्योंकि भारतीय समाज में हर उत्सव, पर्व, त्योंहार व महत्वपूर्ण अवसर पर गोल्ड ज्वेलरी व दान करने की पहनने की परंपरा है। भारत की अर्थ व्यवस्था में आई मजबूती के साथ ही हाल के दशकों में इसमें और तेजी आई है, लेकिन अभी भी कुल गोल्ड डिमांड का लगभग 50% हिस्सा ज्वेलरी सेक्टर का है। क्योंकि भारत में ज्वेलरी सबसे ज्यादा बिकती है। इसके पीछे सामाजिक व सांस्कृतिक परंपरा ही सबसे बड़े कारण हैं। जैन व हिंदू विश्व के किसी भी कोने में रहे, विधि-परंपरा के अनुसार दोनों की संस्कृतियों के लोगों में विवाह सहित सभी महत्वपूर्ण समारोहों, उत्सवों, पर्वों, और धार्मिक अवसरों पर गोल्ड ज्वेलरी पहनने के रिवाज का पालन दोनों ही धर्मों में परंपरा के तहत किया जाता है। भारतीय कैलेंडर की सबसे महत्वपूर्ण तिथियों में से दीपावली के अलावा, देश भर में क्षेत्रीय त्यौहार भी गोल्ड के साथ मनाए जाते हैं। महावीर जयंती की शोभा यात्राओं सहित दीपावली, धन तेरस आदि में घरों में पूजा के दौरान भी गोल्ड धारण करने की परंपरा रही है। हिंदू संस्कृति में अक्षय तृतीया, पोंगल, ओणम और उगादि,दुर्गा पूजा, गुड़ीपड़वा, बैसाखी, करवा चौथ जैसे धार्मिक अवसरों पर भी गोल्ड ज्वेलरी पहनी जाती है। भारत की तरह चीन भी दुनिय में अब तक के सबसे बड़े आभूषण बाज़ार हैं, जिनकी कुल वैश्विक बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देखशों के सैंट्रल बैंक अपने देश की अर्थ व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए रखे गए विदेश मुद्रा व गोल्ड भंडार में गोल्ड एक महत्वपूर्ण भूमिका मानते है, और सारे ही सेंट्रल बैंकगोल्ड के महत्वपूर्ण भंडारक हैं। भारत में जब सन 2008 का वित्तीय संकट आया, तो गोल्डही हमारे देश की वित्तीय हालत सुधारने का आधार बना। इसी वजह से फिलहाल एक बार फिर से दुनिया में अर्थव्यवस्था के मामले में उभरते देशों के केंद्रीय बैंकों ने अपनी गोल्ड की खरीद बढ़ा दी है, जबकि यूरोपीय बैंकों ने गोल्ड की सेल बंद कर दी है, इसी कारण गोल्ड के रेट तेजी से बढने लगे हैं। भारत में ज्वेलरी में खपने, निवेश के रूप में सहेजे जाने तथा सेंट्रल बैंक की खरीदी के बाद गोल्ड का सबसे ज्यादा औद्योगिक धातु के रूप में कई तरह के अनुप्रयोगों में भी गोल्ड का उपयोग किया जाता है, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र और प्रौद्योगिकी में उपयोग किए जाने वाले गोल्ड का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है।

जानकारों का मानना है कि यूक्रेन युद्ध और मिडिल ईस्ट के देशों में तनाव के कारण साल 2025 में गोल्ड और प्रीमियम होकर उभरेगा। इसके अलावा, भारत में मुद्रास्फीति अभी भी एक सबसे बड़ी चिंता का विषय है, बढ़ती कीमतों को जनसंख्या की आय के हिसाब से संतुलित करना भी गोल्ड के ही जिम्मे है। क्योंकि गोल्ड का मुद्रास्फीति से सीधा संबंध है, इसलिए गोल्ड की कीमत अधिक होनी चाहिए। माना जा रहा है कि अमेरिका गोल्ड के प्रीमियम को बढ़ाता रहेंगा, और 2025 में कमेक्स पर गोल्ड 2800 से लेकर 3000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है, जो कि अभी अक्टूबर की शुरूआत में 2684 तक तो पहुंच ही गया था। इसके अलावा, दुनिया भडर के देशों के विभिन्न सेंट्रल बैंक भी लगातार गोल्ड का खरीदना जारी रख रहे हैं। ऐसे में गोल्ड में लगातार तेज सकारात्मक वृद्धि होने की संभावना है।



**सुरेश जैन**
रॉयल चेन्स

मेरा अनुमान है कि गोल्ड में तेजी जारी रहेगी। अगले 4 महीनों मेंगोल्ड के रेट82000 रुपये पहुंच सकतेहैं। इसी तर्ज पर गोल्ड को लॉगटर्म की तेजी देखें, तो सन 2030 तक भारत में गोल्ड 2 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पर भी पहुंच सकता है।





**मदन कोठारी**
मास्टर चेन्स

गोल्ड हर रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। भारत में गोल्ड की 10 ग्राम 24 कैरेट सोने कीकीमत 31 मार्च 2024 को 67420 रुपए हो गई थी। लेकिन केवल 6 महीने बाद ही वर्तमान में 77500 पर बिक रहा है, तो भी इसके और आगे जाने की संभावना है



**मनोज जैन**
शांती गोल्ड इंटरनेशन लि.

गोल्ड महंगा होता जा रहा है, लेकिन जब भी किसी चीज की डिमांड बढ़ती है तो उसकी कीमत भी बढ़ जाती है,यह मौलिकसिद्धांत है। इंटरनेशनल हालातों के कारण गोल्ड की डिमांड बढ़ी है, तो उसी हिसाब से उसकी कीमतें भी बढ़ना वाजिब है।



**दिनेश सेमलानी**
जैनम बुलियन

गोल्ड की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है। गोल्ड हर रोज ऑल टाइम हाई पर पहुंच कर अगला रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। पीछे मुड़कर देखने का तो नाम ही नहीं है। ऐसे में आने वाले कुछ महीनों में गोल्ड में तेजी साफ दिख रही है।






# SILVERIO

## Silverio Artesa Pvt. Ltd.

The Finest Quality in 92.5 Silver Jewellery

Shop. 220/224,2, 2nd floor, Harbilas Building, Kalbadevi Road, Opp. Abhinandan Market, Near G9 Clothing, Mumbai-400002
Office: 022- 49701485, 9867271456 +91-910780-0700


R. Kothari & Co. Jewellers
R. KOTHARI & CO. JEWELLERS
98192 07704
81,CHANDRA DARSHAN BUILDING , 3RD FLOOR, DHANJI STREET, ZAVERI BAZAAR , MUMBAI - 400003




ADN
THE MARK OF GUARANTEE & CREATION

Aradhana
JEWELLERS PVT. LTD.

**Retail :** 149, Bherumal House, Ground Floor, Zaveri Bazar, Mumbai - 400 002.
Tel.: 4972 8400 / 6183 4176 Email : aradhanakirti@gmail.com | www.aradhanajewellers.com

**Wholesale :** Suite No. 204-6, 2nd Floor, 149, Bherumal, Zaveri Bazar, Mumbai - 400 002. India, Tel.: 2340 5500 / 2347 5500
Email : aradhana_jewellers@hotmail.com, www.aradhanajewellers.com

# THE HOUSE *of* SILVER EMPORIUM

SILVER • GOLD • DIAMONDS



## SILVER EMPORIUM

## GIRVÁAN

A STORY *of* GOLD





## DIARAH


DIAMOND JEWELS

**SILVER EMPORIUM** • 232/234, Chamber Bhavan, 1st Floor
Kalbadevi Road, Mumbai 400002 • info@silveremporium.in

Arihant
925 JEWELLERY PVT. LTD.

AJPL

Silver Splendor,
Mumbai's Wholesale Treasure



19, L.k Market, 1st Lane, Zaveri Bazar, Mumbai- 400 002.
Ph. 2241 2567, 2241 2568 | Inter Com 7251




**MANISH SONI**
**+91 98207 76844**

# Ramjivanlal Soni

**AMIT SONI**
**+91 98207 70094**

A-1401, Aaditya Pearl, 14th Floor, P H Purohit Lane,
Cavel 1st X Lane, Ramwadi, Kalbadevi, Mumbai-400 002.

84620 09009 | 2201 1313 / 2201 1312
mlkjewels2015@gmail.com | ramashajewels @gmail.com
Follow us on : ramashajewels/

**WE HAVE NO OTHER BRANCHES**

## Wedding Ceremonies In Coming Months

# Expecting High Demand For Mangalsutras Amid 48 Lakh

Mumbai, According to a study conducted by The Confederation of All India Traders (CAIT), The Indian wedding season is set to witness an unprecedented surge, with an estimated 48 lakh wedding ceremonies anticipated over the coming months, witnessing business worth Rs. 5.9 lakh Crores during this wedding season.

This boom is expected to fuel an extraordinary demand for mangalsutras, a quintessential part of Indian matrimonial customs.

With the growing preference for traditional jewellery among modern brides, industry experts foresee a significant increase in the sales of mangalsutras, as families gear up for elaborate wedding celebrations. As a key symbol of marital commitment, the mangalsutra remains an integral part of the bride's adornment, blending cultural heritage with contemporary designs.

"This season, we anticipate a marked rise in the purchase of mangalsutras, owing to the sheer volume of weddings on the horizon," said CHETAN THADESHWAR, MD SHRINGAR HOUSE OF MANGALSUTRA. "With India's biggest stock of Mangalsutras for b2b market, We are prepared to meet this demand by offering a wide range of designs that cater to both traditional tastes and modern preferences.

Shringar
HOUSE OF MANGALSUTRA



**Chetan Thadeshwar**
MD Shringar House of Mangalsutra

Mangalsutras being a vital purchase for weddings, and with an average purchase estimation of 5 grams per ceremony, the total estimated sale of Mangalsutra in jewellery category, is expected to reach a staggering 24,000 kilograms during the upcoming season.

The Indian jewellery market is expected to thrive during this period, with wedding-related jewellery purchases contributing significantly to the overall industry's growth.

"Jewellery Retailers across the country should stock up and introduce new jewellery collections to cater to the diverse preferences of brides, ensuring that every wedding is adorned with pieces that reflect both tradition and innovation." added Chetan Thadeshwar.

With millions of families preparing for celebrations, the demand for mangalsutras and other bridal jewellery is set to soar, further driving the momentum in the Indian jewellery industry.

# सोना आयात तिगुना, दाम 3000 रुपए बढ़े फिर भी त्योहारों में मांग 30 प्रतिशत बढ़ेगी



देश में सोने के दाम एक महीने में 4.2% (2,985 रु./ग्राम) बढ़कर 74,093 रु./दस ग्राम हो गया। बजट में आयात शुल्क घटने के बाद दाम जितना घटा था, उससे ज्यादा बढ़ चुका है। बावजूद इसके जानकारों का मानना है कि त्योहारी सीजन में सोने की मांग रिकॉर्ड बनाएगी। आयात शुल्क घटने से विदेश से सोना मंगाना आसान हो गया। यह देश के सभी ज्वेलर्स के पास पहुंच रहा है। एक अनुमान के अनुसार इस बार त्योहारी सीजन में सोने की मांग 30% से ज्यादा बढ़ेगी। आम बजट में सोने पर आयात शुल्क घटने के बाद अगस्त में भारत का सोने का आयात तीन गुना से ज्यादा बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, अगस्त में मासिक आधार पर आयात 10.06 अरब डॉलर (84,453.7 करोड़ रु.) रहा, जो जुलाई में 3.13 अरब डॉलर (26,276.35 करोड़ रु.) था। इस तेजी की बड़ी वजह त्योहारी सीजन है। इसमें भारी मांग निकलने की उम्मीद है। सोने पर आयात शुल्क 15% था, जो बजट में 6% कर दिया गया। जानकारों के अनुसार वैश्विक बाजार में दाम घटने से अनुमान लगाया जा रहा है कि त्योहार के दौरान सोने की मांग ऊंची रहेगी। वजह यह है कि अब ज्यादातर सोना वैध रास्तों से भारत आएगा। जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन विपुल शाह का कहना है, आयात शुल्क घटने से विदेशों से सोने की आमद बढ़ गई है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार, नवंबर-दिसंबर में 42 लाख शादियां होने वाली हैं। इसमें करीब 5.5 लाख करोड़ रु. खर्च होंगे। ज्वेलरी उन तीन प्रमुख सेक्टर में शामिल है, जिसे इस खर्च का बड़ा हिस्सा मिलेगा।


## BOOK YOUR SUBSCRIPTION NOW!

**Aabhushan Times, with its more than 8000+ subscription + 24000 Digital Copy across the country is your best bet to take your brand to every corner of India to the real buyers.**

AABHUSHAN TIMES RATES

1 Year 1500/-
2 Years 2800/-
5 Years 6000/-

ADVERTISEMENT RATES

Full Page 20, 000/-
Half Page 10,000/-
1/4 Page 5,000/-

Premium Pages Rates extra

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :**

Tel.: 022 2201 7091 / 2240 0338 (12 pm to 7 pm)
• Eamil : aabhushantimes@gmail.com •
Web:Aabhushantimes.com



ANSAA
JEWELLERS (P) LTD.

Office No. 23 & 24 2nd Floor, 118, Kansara Chawl Co-op. Hsg. Society Limited
Kalbadevi Road, Near Surti Hotel, Bhuleshwar, Mumbai-400 002.
Tel.: +91 (22) 22411244 / 1245 / Email : kantipshah@gmail.com
Website : www.ansaajewellers.com Intercom : 4003 & 3607







# आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स

## बेहतरीन क्वालिटी के साथ ज्वेलरी की दुनिया में दमदार मुकाम पर

कोई भी बिजनेस पहले दिन से ही धड़ल्ले से धमकते हुए धंधे से शुरु नहीं होता। हर कामकाज की शुरूआत सीढ़ी दर सीढी होती है। आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड की शुरूआत भी बेहद समान्य तरीके से ही हुई, लेकिन आज वे सफलता के जिस मुकाम पर हैं, उसे देखकर उनके संघर्ष को समझा जा सकता है। मूल रूप से रिछेड़ राजस्थान के राजुभाई कोठारी मुंबई के चर्नी रोड़ में रहते हैं और ज्वेलरी का बिजनेस मुंबई में ज्वेलरी हब गिने जाने वाले प्रतिष्ठित जवेरी बाजार में है। आज भले ही वे एंटिक ज्वेलरी के क्षेत्र में एक बेहद प्रतिष्ठित नाम है और प्रतिष्ठित ज्वेलर के रूप में जाने जाते हैं, लेकिन शुरूआती तैर पर उन्होंने गोल्ड ज्वेलरी बनाने वाले सामान्य बंगाली कारीगरों से ज्वेलरी बनवाकर अपना व्यापार शुरु किया था। उसके बाद उन्होंने मुंबई के विभिन्न प्रतिष्ठित व प्रसिद्ध शो रूम में ज्वेलरी सप्लाई का काम शुरू किया। फिर धीरे धारे ऑर्डर के अनुसार ज्वेलरी बना कर सप्लाई का काम करते हुए उन्होंने अपने ज्वेलरी व्यवसाय को सीढ़ी दर सीधी आगे बढ़ाने की कोशिश की और अंत रेडी स्टॉक के साथ होलसेल ज्वेलरी के बड़े बिजनेसमैन के रूप में प्रसिद्धि हासिल की।

यह सन 1991 की बात है, जब राजुभाई कोठारी ने ज्वेलरी ट्रेडिंग में कदम रखने का सपना देखा। कोठारी की इस यात्रा की शुरुआत कुन्दन, पोलकी और जड़ाऊ आभूषण डिजाइनों के साथ हुई, जो आज यह पारंपरिक ज्वेलरी से लेकर पूरे वेडिंग कलेक्शन तक अपनी विस्तृत ज्वेलरी श्रृंखला के साथ पूरे भारत भर में ग्राहकों के एक बड़े वर्ग को सप्लाई करने वाली कंपनी के रूप में हमारे सामने है। सबसे पहले उन्होंने एक ज्वेलरी ट्रेडर के रूप में शुरुआत की, जो अब होलसेल व्यवसाय बन गया है। मुंबई के झवेरी बाजार में एंटीक ज्वेलरी के प्रतिष्ठित और सबसे पुराने होलसेल ज्वेलर के रूप में आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड की साख है तथा बाजार में उनको एंटीक ज्वेलरी में नए ट्रेंड को प्रतिष्ठित करने वाले ज्वेलर के रूप में जाना जाता है।

R. Kothari & Co. Jewellers



राजुभाई कोठारी



अक्रांत कोठारी



केतन कोठारी

आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स को मुंबई में आज उनके प्रोडक्ट्स की वजह से गोल्ड ज्वेलरी निर्माता और होलसेलर के रूप में बड़ी पहचान मिली है। टर्की और रोज गोल्ड ज्वेलरी में उनकी खास विशेषता हैं। ब्राइटल सेट, नेकलेस, चोकर सेट, पेंडेंट सेट, चूड़ियां, कंगन, अंगूठियां, झुमके और कई अन्य गोल्ड ज्वेलरी आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स के ज्वेलरी रैंज में शामिल हैं।

आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स में, हर डिज़ाइन एक किसी न किसी खास चितन से शुरू होता है और फिर उस चिंतन को ज्वेलरी के डिजाइन में उतारा जाता है। राजुभाई कोठारी कहते हैं कि चमकीले गोल्ड को हमारे निष्णात ज्वेलरी डिज़ाइनर अपनी असाधारण प्रतिभा से शानदार ज्वेलरी कलेक्शन के रूप में पेश करते हैं। बाजार में आज आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स के ज्वेलरी डिज़ाइन की उन सभी लोगों की जबरदस्त प्रशंसा मिलती है जो अभिनव और विशिष्ट ज्वेलरी की लालसा रखते हैं और जो फैशन एक्सेसरीज़ के रूप में ज्वेलरी पसंद करते हैं। खास बात ये है कि उनकी ज्वेलरी हर किसी को लुभाती है और उसे पहनने वाले के आकर्षण को भी बढ़ाती हैं।

जैसा कि आम तौर पर होता है, व्यापार में हर किसी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है तो उन्होंने भी कई किस्म की चुनौतिया झेली और हर चुनौती को मात देते हुए वे आगे बढ़ते रहे। आखिरकार वक्त के साथ तालमेल बिठाकर अपने प्रोडक्ट की खासियत को उन्होंने विशिष्टता के साथ बाजार में पेश किया तो उन ज्वेलरी प्रोड्क्ट्स की वजह से उन्हें निरंतर आगे बढ़ने में सहयोग मिलता रहा। रांका / कोठारी जानते थे कि किसी भी व्यापार को बड़ा बनाने और विकसित व्यापार को और विकसित करने के लिए कई तरह की विशेषताओं और खासियत की जरूरत होती है, तो उन्होंने अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए ईमानदारी को सबसे आगे रखा और कड़ी मेहनत को भी उसके साथ जोड़कर व्यापार में समर्पण के साथ अपने प्रेडक्ट्स की प्योरिटी का भी पूरा ख्याल रखा। राजुभाई कोठारी मानते हैं कि हमें पता था कि हमें अपने संपूर्ण समर्पण के साथ किसी काम को करना चाहिए, ताकि हम जिस काम को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, वह काम हमारे साथ-साथ आगे बढ़ता रहे और बाजार की परिस्थितियों के अनुरूप विकसित होता रहे। उनकी इसी

**मुंबई के झवेरी बाजार में एंटीक ज्वेलरी के प्रतिष्ठित और सबसे पुराने होलसेल ज्वेलर के रूप में आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड की साख है तथा बाजार में उनको एंटीक ज्वेलरी में नए ट्रेंड को प्रतिष्ठित करने वाले ज्वेलर के रूप में जाना जाता है।**

खासियत ने आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स को बड़ी तेजी से आगे बढ़ाया। कुछ वर्षो बाद राजुभाई के दोनों पुत्र अक्रांत कोठारी और केतन कोठारी भी इस व्यवसाय से जुड़े और दोनों ने अपने पिता की तरह खुब मेहनत और लगन से कंपनी को आगे बढ़ाया।

वैसे देखा जाए तो ज्वेलरी के बिजनेस में क्वालिटी सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है, इसके साथ ही सामान्य से सामान्य उपभोक्ता भी विश्वसनीय ब्रांड की ज्वेलरी ही लेना पसंद करता है। ऐसे में कुल मिलाकर मामला गुणवत्ता यानी क्वालिटी और प्रोडक्ट की प्योरिटी पर ही निर्भर करता है। तो, आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स ने उसका भी पक्का खयाल रखा। वे कहते हैं कि निश्चित रूप से हमारे प्रोक्ट्स को आगे बढ़ाने में कई चुनौतियां आई, लेकिन हमने हर चुनौती को पूरी हिम्मत व ईमानदारी के साथ क्वालिटी कंट्रोल व प्रोडक्ट की प्योरिटी के साथ जोड़कर उसे बाजार में पेश किया तो हमें इसके लिए काफी सराहना मिली। राजुभाई कोठारी मानते हैं कि यदि आपकी क्वालिटी श्रेष्ठ है और प्योरिटी के मामले में आप ईमानदार हैं, तो ज्वेलरी के श्रेत्र में विकसित होने से आपको कोई नहीं रोक सकता। हमारा क्वालिटी कंट्रोल और प्रोडक्ट की चेकिंग डिस्पैच करने से पहले काफी विशिष्ट पद्धति से की जाती है, ताकि कस्टमर की कोई शिकायत नहीं मिले। हमारा ध्येय है कि ज्वेलरी के प्रोडक्सन, सेल और क्वालिटी के मामले हम बेहतरीन उदाहरण पेश करें और उसमें हम अब तक सफल रहे हैं।


पिछले 33 साल की आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स की विकास यात्रा पर बातचीत करते हुए राजुभाई कोठारी कहते हैं कि हम शून्य से शिखर की यात्रा में लगातार आगे बढ़ते रहे और आज एंटीक ज्वेलरी के मामले में हमारी कंपनी का नाम हमारे प्रोडक्ट सहित हमारे साथ जुड़ी ब्रांड की वैल्यू किसी भी अन्य का मुकाबला करने में हमें ज्यादा प्रभावी साबित करती है। अब हम सीजेड ज्वेलरी और कास्टिंग ज्वेलरी के होलसेलर और मैन्युफैक्चर के रूप में देश भर में तेजी से आगे बढ़ने की कोशिश में हैं। वे कहते हैं कि हमारा प्रयास है कि हमारा प्रोडक्ट हमारी विश्वसनीयता की परंपरा के साथ देश भर में प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचे। इस बारे में हम लगातार कोशिश भी कर रहे हैं और उम्मीद है कि हमारी यह कोशिश सफल होगी। आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स न केवल भारतीय ज्वेलरी मार्केट में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी ज्वेलरी के मामले में कुछ ऐसे प्रयास कर रहे हैं जहां पर उसे नई रीच हासिल हो। आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स के संचालकों की भावना है कि हर जगह उनके रिटेल आउटलेट स्थापित हों और लार्जेस्ट डिस्ट्रिब्युशन मिशन के तौर पर उनका ब्रांड विकसित हो, इसके लिए वे गंभीर स्तर पर प्रयासरत हैं। आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स के जेव्लरी व्यापार की सबसे बड़ी खास बात यह है कि यह ब्रांड एक नैतिक व्यापारिक विरासत पर चलकर बेहद कम मार्जिन के साथ व्यापार करने की राह पर अग्रसर है।



**“ आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स को मुंबई में आज उनके प्रोडक्ट्स की वजह से गोल्ड ज्वेलरी निर्माता और होलसेलर के रूप में बड़ी पहचान मिली है। टर्की और रोज गोल्ड ज्वेलरी में उनकी खास विशेषता हैं। ब्राइटल सेट, नेकलेस, चोकर सेट, पेंडेंट सेट, चूड़ियां, कंगन, अंगूठियां, झुमके और कई अन्य गोल्ड ज्वेलरी आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स के ज्वेलरी रेंज में शामिल हैं। ”**

अपने प्रोडक्ट् के दम पर आज आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स बहुत तेजी के साथ बाजार में एक नामी ब्रांड के रूप में विकसित हो गया हैं, क्योंकि वे नए अपडेट और नए ट्रेंड के हिसाब से अपने प्रॉडक्ट्स को डिजाइन करके आगे बढ़ा रहे हैं। धनजी स्ट्रीट और ज़वेरी बाजार में सहयोगी संस्थान रखने वाली कंपनी आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स क्वालिटी और प्योरिटी के वैल्यूज के साथ कोई समझौता नहीं करती। यह सही है कि किसी भी व्यवसाय के सफल होने के लिए क्वालिटी और प्योरिटी की नैतिकता सबसे आवश्यक है और क्वालियी से भी समझौता नहीं किया जाए। आज इटालियन प्रोडक्ट, रोज गोल्ड, सी झेड़ ज्वेलरी जो इंपोर्ट होता था वही ज्वेलरी आज मुंबई मे आर कोठारी द्वारा बनाई जाती है। आर कोठारी एंड कंपनी ज्वेलर्स ज्वेलर्स ने अपने बिजनेस की प्रगति को सुनिश्चित किया तो आज वे सफलता के ऊंचे मुकाम की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।










• M. V. Jain
93222 26413

• Pravin M. Jain
98200 63687

श्री
Shree
vardhaman
JEWELLERS

MFG. & WHOLESALERS OF :
**ALL TYPES OF MACHINE CHAINS & ORNAMENTS**

8, 1st Floor, Ladiwala Chambers, 11-13, Shaikh Memon Street Mumbai - 400 002. INDIA.
Tel.: 022 2242 6010 / 022 2242 3989 98200 63687
Email : shreevardhamanjew@gmail.com




**Dinesh** Jain
+91 93206 70627

**Nikhil** Jain
+91 98196 03187

samruddhijewelcraft@gmail.com

आपके अटल विश्वास और अटूट प्रेम की डोर में बंधे है
हमारे नयनाभिरम्य स्वर्ण आभूषण

# Sakariya Jewels

**Specialist in : 916 Hallmark Gold Jewellery**
**& Certified Diamond Jewellery (Wholesale & Retail)**

177/179, Laxmi House, Ground Floor
Near Cotton Exchange, Kalbadevi Road, Mumbai - 400 002.
Tel.: 2240 6816, 4968 6425 | I.Com: 7285



# Sakariya
JEWELLERS

**WHOLESALE & RETAIL GOLD EXCLUSIVE JEWELLERY**

177/179, Kalbadevi Road, Laxmi House, 1st Floor
Near Cotton Exchange, Mumbai - 400 002.
Tel.: 2240 4800, 2240 4825 | Fax : 2240 1023, I.Com: 7283

VIERA®

CZ JEWELLERY



Office No. 16-17, 1st floor, Raj Baug com,
Premises, 55 Tambe Kata, Above B Bhagat Tarachand Hotel,
Pydhonie, Mumbai - 400003.
Tel : 022 61838396 | I.com : 8396
Email : orders.viera@gmail.com
+91 9167307501 | /VIERACZ | /VIERACZ

# OPENING & CLOSING RATES

## 1-30 Sept. 2024

RATE CHART

**Note:** 1. Below Rates are exclusive of VAT. 2. Opening Rates are not provided on Saturday 3. Opening and Closing Rates are not provided on Sunday's and Holidays.


*Source : India Bullion and Jewellers Association Ltd.*

| Date | Gold 999 (AM Price) | Gold 999 (PM Price) | Gold 995 (AM Price) | Gold 995 (PM Price) | Gold 916 (AM Price) | Gold 916 (PM Price) | Silver 999 (AM Price) | Silver 999 (PM Price) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 10 Gms | 10 Gms | 10 Gms | 10 Gms | 10 Gms | 10 Gms | 1 Kg | 1 Kg |
| 08-Sep-24 | SUN | | | | | | | |
| 09-Sep-24 | 71192 | 71378 | 70907 | 71092 | 65212 | 65382 | 80882 | 81480 |
| 10-Sep-24 | 71619 | 71590 | 71332 | 71303 | 65603 | 65576 | 82151 | 82207 |
| 11-Sep-24 | 72022 | 71994 | 71734 | 71706 | 65972 | 65947 | 82954 | 83407 |
| 12-Sep-24 | 71909 | 71801 | 71621 | 71514 | 65869 | 65770 | 83203 | 83188 |
| 13-Sep-24 | 72945 | 73044 | 72653 | 72752 | 66818 | 66908 | 85795 | 86100 |
| 14-Sep-24 | SAT | | | | | | | |
| 15-Sep-24 | SUN | | | | | | | |
| 16-Sep-24 | 73694 | 73489 | 73399 | 73195 | 67504 | 67316 | 88605 | 88314 |
| 17-Sep-24 | 73505 | 73276 | 73211 | 72983 | 67331 | 67121 | 88028 | 87537 |
| 18-Sep-24 | 73054 | 73257 | 72761 | 72964 | 66918 | 67103 | 87168 | 87406 |
| 19-Sep-24 | 73202 | 73485 | 72909 | 73191 | 67053 | 67312 | 88275 | 88418 |
| 20-Sep-24 | 73705 | 74093 | 73410 | 73796 | 67514 | 67869 | 88612 | 88917 |
| 21-Sep-24 | SAT | | | | | | | |
| 22-Sep-24 | SUN | | | | | | | |
| 23-Sep-24 | 74533 | 74467 | 74235 | 74169 | 68272 | 68212 | 88409 | 87756 |
| 24-Sep-24 | 74671 | 74764 | 74372 | 74465 | 68399 | 68484 | 88068 | 88402 |
| 25-Sep-24 | 75260 | 75248 | 74959 | 74947 | 68938 | 68927 | 90324 | 90730 |
| 26-Sep-24 | 75406 | 75750 | 75104 | 75447 | 69072 | 69387 | 90817 | 92522 |
| 27-Sep-24 | 75681 | 75640 | 75378 | 75337 | 69324 | 69286 | 90758 | 91448 |
| 28-Sep-24 | SAT | | | | | | | |
| 29-Sep-24 | SUN | | | | | | | |
| 30-Sep-24 | 75584 | 75197 | 75281 | 74896 | 69235 | 68881 | 90355 | 89400 |

# सोने को गिरवी रखने को उतावले हो रहे लोग 10 लाख करोड़ के सोने पर ले लिया कर्ज

नई दिल्ली। भारत में गोल्ड लोन में तेज वृद्धि होने जा रही है। रेटिंग एजेंसी ICRA के अनुसार, संगठित गोल्ड लोन बाजार इस वित्तीय वर्ष में 10 लाख करोड़ को पार कर जाएगा और मार्च 2027 तक 15 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) से लिए जाने वाले खुदरा गोल्ड लोन में वित्त वर्ष 2025 में 17-19 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2024 तक, संगठित गोल्ड लोन सेक्टर में 25 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (CAGR) देखी गई है। बैंकों ने 26 प्रतिशत CAGR के साथ इस वृद्धि में सर्वाधिक योगदान दिया है। जबकि NBFC में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गोल्ड ज्वेलरी को गिरवी रख कर लिए गए कृषि लोन ने 26 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ महत्वपूर्ण योगदान दिया। गोल्ड लोन मार्केट में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSB) की लगभग 63 प्रतिशत हिस्सा है, जो मार्च 2019 में 54 प्रतिशत थी। वहीं, NBFC और निजी बैंकों की हिस्सेदारी में कमी आई है। ICRA के ए. एम. कार्तिक ने कहा कि अन्य लोन प्रोडक्ट्स में जिस तरह का रुझान देखने को मिला है उससे NBFC गोल्ड लोन को भी लाभ हुआ है। कार्तिक ने कहा, वित्त वर्ष 2024 में गोल्ड लोन की वृद्धि फिर से शुरू हुई और वित्त वर्ष 2025 में भी जारी रहने की उम्मीद है।

NBFC गोल्ड लोन मार्केट बहुत कम लोगों के हाथ में है। इसमें मार्च 2024 तक शीर्ष 4 कंपनियों के पास बाजार का 83% हिस्सा है। गोल्ड लोन की क्रेडिट कॉस्ट काफी कम 0.5 फीसदी है। यह दिखाता है कि गोल्ड लोन मिलना कितना आसाना हो गया है। गोल्ड लोन इतना आसानी से मिलने का एक बड़ा कारण यह है कि गोल्ड का काफी लिक्विड नेचर का है जिसका मतलब है कि इसे आसानी से कैश में बदला जा सकता है। अधिक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए लैंडर्स ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ रहे हैं। कार्तिक ने कहा, स्वस्थ विकास, कम लोन कॉस्ट और बेहतर मूल्य तय करने की ताकत गोल्ड लोन कंपनियों का समर्थन करती है। हालांकि, ऑपरेशनल एफीशिएंसी को बढ़ाने वाले बाजार नियामक के कदम अधिक लाभ कमाने के लिए जरूरी होंगे।


खूबसूरत लोकेशन में आपके
डेस्टिनेशन शादी का सपना पूरा
LOTUS
- HOTEL & RESORT -
Shree Malang Road,
Wadi, Kalyan (East)
Managed by:
Since 1986
SUMITRA
CATERERS
Kishan Purohit
Abhimanyu Purohit
98200 85407
99200 85407

**Madhuban Toyota**
A fresh experience in customer delight

TOYOTA U TRUST
Buy | Sell | Exchange - Used cars

TOYOTA

Conquer any terrain with

# CONFIDENCE STYLE

PRESENTING THE UNBEATABLE
TOYOTA HILUX & TOYOTA FORTUNER

*Your Awesome*

## companions for the road ahead

*T & C Apply




**LOWEST DOWNPAYMENT**
**Rs.88,888/-***

**LOWEST DOWNPAYMENT**
**Rs.99,999/-***

## ATTRACTIVE EXCHANGE BENEFITS

Kurla / Bandra / Lower Parel / Breach Candy

02242431999 / +919819797976

## BOOK A TEST DRIVE TODAY

AMYRAH
CREATIONS

**Premium 92.5 Sterling Silver Jewellery**

Brand by

M. U. JEWELLERS PVT. LTD.®



# New & Upcoming

## Amyrah Creations has an exciting range of products for the festive season

## About Amyrah :

At Amyrah Creations, we are dedicated manufacturers of premium 92.5 sterling silver jewelry, blending the elegance of Italian style with the craftsmanship of Indian artisans. Our collection is designed with the latest international trends in mind, bringing a unique fusion of modern sophistication and timeless artistry to retailers pan - india.



### 3 Hand-Painted Enamel collection

This vibrant hand-painted enamel jewelry collection combines modern geometric shapes with the timeless allure of 92.5 sterling silver. The pendants, rings, and earrings showcase intricate enamel work in soft pastel hues.

### 1 HIGHLIGHT OF THE MONTH

our bestseller this month has been slider bracelet, as they fit everyone and suit every style

The bracelet is crafted from 92.5 sterling silver, with the infinity symbol elegantly studded with shimmering stones, adding a touch of sophistication. The minimal yet timeless design is perfect for everyday wear.



### 2 Certified Dancing Diamond jewellery

Each pendant boasts its unique delicate design, from a radiant sunburst to a hexagonal and floral motif, with a sparkling dancing diamond at the center.

Daily updates :

For further Details :

**Office : +91 959 1395949**

**Dikshit Jain : +91 98212 9827**

**Discover the elegance of Amyrah Creations, where exquisite 92.5 sterling silver meets timeless craftsmanship. Elevate your style with jewelry that's crafted to perfection, made in India.**




# सिल्वर 1 लाख के पार जाना तय

## कुछ ही दिन में सिल्वर सवा लाख पर भी संभव

सिल्वर की शाइनिंग एक लाख के आसपास को छूने लगी है। वैश्विक बाजारों में मजबूती के चलते सिल्वर के रेट अपने ऑल टाइम हाई पर हैं। ज्वेलरी क्षेत्र में सिल्वर की डिमांड तो बढ़ी ही है, औद्योगिक मांग के कारण भी सिल्वर की कीमत 95 हजार रुपये प्रति किलो से आगे पहुंचने को बेताब हैं। यह साफ दिख रहा है कि आने वाले कुछ ही समय में सिल्वर 1 लाख को पार करके आगे भी चला जाएगा, तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। पश्चिमी देशों के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की तेजी से वर्तमान समय को अनुरूप ढलती आर्थिक नीतियों और रूस - युक्रेन के बीच जारी जंग के साथ साथ मिडल ईस्ट देशों में बढ़ते युद्ध संकट को लेकर दुनिया भर के देशों में बढ़ती चिंताओं के कारण जितनी तेजी से गोल्ड का रंग और निखरा है, तो सिल्वर में भी हाल में इन्हीं सारे कारणों से अचानक तेजी देखने को मिली है। हर प्रकार की धातुओं के रेट बढ़ रहे हैं, तो बहुमूल्य धातुओं की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भी तेजी के चलते सिल्वर की कीमतें एक बार फिर अपने ही सर्वकालिक उच्च स्तर को तोड़ते हुए लगातार आगे बढ़ती जा रही है। देश के विभिन्न बाजारों में सिल्वर की कीमतें एक्टूबर महीने के पहले सप्ताह में प्रति किलोग्राम 95000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई और आने वाले दिनों में यहीं रुकेगी कि नहीं कोई नहीं जानता। हालांकि, इंटरनेशनल लेवल पर जो हालत हैं, उसके मुताबिक सिल्वर के जानकार मान रहे हैं कि इसके रेट वर्तमान में काफी कम है और ये लगभग सवा लाख रुपए के आस पास होने चाहिए थे। इसी वजह से भारतीय सिल्वर बाजार के जानकार मानते हैं कि आने वाले कुछ ही दिनों में सिल्वर 1 लाख के रेट पर दिखेगा।

**सिल्वर की चमक लुभा रही है। गोल्ड की तरह सिल्वर की कीमतों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिक निभाने वाली एजेंसियों की रिपोर्ट कहती है कि सिल्वर को वर्तमान हालात में सवा लाख पर होना चाहिए था। क्योंकि तेल और डॉलर निश्चित रूप से अधिक अस्थिर माना जाता है, जब उनकी कीमत में गिरावट आती है, तो सिल्वर का मूल्य एक साथ बढ़ता है। आने वले दिनों में तेल व डॉलर निश्चित रूप से और अधिक अस्थिर होंगे।**

बुलियन बाजार के भविष्य के आंकड़ों का अध्ययन करें, तो सिल्वर करीब 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। सिल्वर के घटते - बढ़ते बाजार पर नजर रखने वाले जान रहे हैं कि अमरीकी फेडरल बैंक द्वारा लगातार ब्याज दरों में कटौती और चीन के खरीदी प्रोत्साहन के साथ साथ दुनिया के लगभग सभी देशों में इसकी तेजी से बढ़ती इंडस्ट्रीयल जरूरतों को पूरा करने की वजह से आई इस तेजी के कारण दिसंबर - 2024 तक तो सिल्वर में तेजी जारी रहेगी। सिल्वर पर हाल ही में आई एक इंटरनेशनल रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि इसकी कीमतों में तेजी के लिए मुख्य उत्प्रेरकों में से एक गोल्ड हमेशा से साथ रहा है, क्योंकि दोनों के बीच मजबूत संबंध है। एक बढ़ता है, तो दूसरा भी साथ बढ़ता है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक सिल्वर मार्केट में इसी साल पिछले दो महीने में ही सिल्वर लगभग 20 फीसदी बढ़त दर्ज कर सकता है और दिसंबर 2024 के अंत तक सम्भवतया यह बढ़त 30 फीसदी भी हो सकती है। सिल्वर के निरंतर बढ़ते उपयोग और धीरे धीरे कम होते उत्पादन के कारण सिल्वर मार्केट में निरंतर और बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी न केवल ज्वेलरी के कारण बल्कि बर्तन व उपभोक्ता सामान सहित गिफ्ट आइटम और अन्य सजावटी सामग्री के रूप में भी इसकी खपत लगातार बढ़ रही है।

सिल्वर के रेट्स में लगातार तेज होती बढ़त के वैसे तो कई कारण हैं। फिर भी, सिल्वर के बर्तन, ज्वेलरी और केमिकल्स में इसके उपयोग की भारी मात्रा के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स में बढ़ते उपयोग ने हमेशा सिल्वर के बाजार में इसके उत्पादन को काफी प्रोत्साहित किया है। सिल्वर मार्केट सोलर पॉवर उपकरणों के साथ साथ फोटोवोल्टिक और विद्युत उपकरणों से भी जुड़ा हुआ है, जो कुछ तरीकों से विद्युत संचालन और इन्सुलेशन के लिए सिल्वर के उपयोग पर निर्भर है। सिल्वर के घटकों के साथ ऑक्साइड बैटरी के बढ़ते उपयोग ने भी सिल्वर के बाजार के विकास को बढ़ावा देने में मदद की है। हालांकि, सिल्वर के कुछ मूलभूत तत्व बाजार में इसकी वृद्धि को रोक सकते हैं।

**वैश्विक बाजार की हलचल सिल्वर को सीधे प्रभावित करती है। निवेशक इस कीमती धातु को निवेश के लिए सुरक्षित मानते हैं और यह भी मानते हं कि इसमें निवेश नुकसान नहीं देता। वैश्विक स्तर पर सिल्वर की इंडस्ट्रीयल डिमांड भी बढ़ रही है। इसका मतलब यह है कि त्यौहारों और विवाह के सीजन में सिल्वर की मांग में उछाल आना तय है।**

औद्योगिक जरूरतों में सिल्वर की बढ़ती और घटती जरूरतें तथा खपत सिल्वर की कीमतों के लिए कभी कभार मुश्किलें खड़ी करती हैं। लेकिन सोलर पॉवर और इलेक्ट्रॉनिक उद्योगों में बढ़ती मांग के कारण सिल्वर का बाजार मूल्य ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया है, जिससे यह महंगी धातुओं के बीच एक चमकता सितारा बन गया है। सन 2023 में, भारत में सिल्वर की औसत कीमत एक किलोग्राम के लिए 61 के आस पास थी, जो उसके पिछले वर्ष से 14000 रुपये से अधिक कम थी। लेकिन आज के दौर में सिल्वर 95 हजार के आस पास ट्रेंड कर रहा है।

वैश्विक स्तर पर सिल्वर की कीमतें वर्तमान में 3 साल के उच्चतम स्तर पर हैं। भारत में सिल्वर की कीमतें अब 95 हजार के आसपास घूम रही हैं। चांदी की कीमतों में सप्ताह दर सप्ताह अब तक 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बाजार के जनकार कहते हैं कि सिल्वर की वैश्विक बिक्री के रेट्स अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की मुद्रा चाल पर भी निर्भर करती है। अगर डॉलर के मुकाबले रुपया गिरता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी कीमतें स्थिर रहती हैं, तो भारत में सिल्वर और महंगा हो जाएगा। भारत में सिल्वर की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कीमतों से निर्धारित होती है। इसी कारण ये हर दिन बदलती रहती हैं। निवेश के लिहाज से देखा जाए, तो कमाई देने के मामले में सिल्वर को गुड रिटर्न मेटल कहा जाता है, तथा सोने के मुकाबले सिल्वर बेहतर प्रदर्शन करती है। निवेशकों का इसी वजह से हमेशा सिल्वर पर अधिक फोकस होता है, क्योंकि यही मेटल ज्यादा रिटर्न दे सकता है। हालांकि, सिल्वर का वास्तविक मूल्य एक हेज और सुरक्षित आश्रय परिसंपत्ति के रूप में है और सिल्वर रखने का प्राथमिक कारण संपत्ति सहेजने के बारे में नहीं है, बल्कि अनिश्चित आर्थिक हालात में संपत्ति की सुरक्षा तो एक कारण है ही, मुद्रास्फीति की वजह से बढ़ती जीवन की जरूरत की चीजों की ज्यादा होती कीमतों के जोखिम से बचाव का साधन भी सिल्वर में निवेश होता रहा है।



**कांतिलाल मेहता**
सिल्वर एम्पोरियम

मेरा मानना है सिल्वर की खपत हर स्तर पर बढ़ रही है और इसमें निवेश के तौर पर भी अधिक भरोस किया जाने लगा है। क्योंकि सिल्वर एक सेफ निवेश है, जिसकी कीमतें में उतार - चढ़ाव गोल्ड की तुलना में अधिक अस्थिर है, तो सिल्वर में कमाई भी ज्यादा है।

वैश्विक स्तर पर अनुमान है कि 2030 तक सिल्वर का औसत मूल्य 1.50 लाख से ऊपर भी जा सकता है। यह पूर्वानुमान आने वाले वर्षों में सिल्वर के मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत देता है, जो इस बहुमूल्य धातु में आने वाली संभावित तेजी के दृष्टिकोण को दर्शाता है। 1 सितंबर 2024 को दिल्ली में एक किलो सिल्वर की कीमत 85100 रुपये थी। मुंबई और कोलकाता में भी यही कीमत रही। वहीं, चेन्नई में एक किलो सिल्वर की कीमत 85,270 रुपये थी। यह इन शहरों में कीमतों में मामूली अंतर को दर्शाता है। लेकिन केवल 1 महीने में ही सिल्वर सीधे 95 हजार के आंकड़े पर पहुंच गया। ऐतिहासिक रूप से सिल्वर की इस बढ़त ने सभी को चौंकाया है। हालांकि, सिल्वर को दुनिया भर में गोल्ड के मुकाबले कम लोकप्रिय माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद, सिल्वर भारत में ज्वेलरी बाजार का एक महत्वपूर्ण पहलू है। सन 2023 में सिल्वर की मांग 2.6 हजार मीट्रिक टन से अधिक थी। यह हालांकि वर्ष 2022 की तुलना में 25 प्रतिशत कम थी। लेकिन इसी दौरान 2023 में भारत में सिल्वर के बर्तनों की मांग 1167 टन से अधिक हो गई, जो पिछले वर्ष 2022के मुकाबले और ज्यादा थी। इसी क्रम में देखा जाए, तो सन 2024 में अब तक के आंकड़े देखें, तो सिल्वर की खपत बर्तनों में 1100 टन के ऊपर पहुंच चुकी है और अभी तो पूरे तीन महीने बाकी है। इससे साफ है कि इस साल सिल्वर की खपत बर्तनों में अधिक होगी।

वैश्विक स्तर देखा जा रहा है कि 2008 के वित्तीय संकट के बीते दिन वापसी पर हैं। सन 2008 के संकट के मद्देनजर बड़े पैमाने पर दुनिया के विभिन्न देशों के बैंक करेंसी छापने के साथ साथ केंद्रीय बेकाबू मुद्रास्फीति को रोकने के लिए मौद्रिक आपूर्ति को कसने का प्रयास कर रहे हैं। बाजार में मुद्रा की आसान उपलब्धि की वजह से भी सिल्वर 95 हजार की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है, और कीमतों में महत्वपूर्ण सुधार अब आसान नहीं लगते। क्योंकि, सिल्वर के इंटरनेशनल जानकार बताते हैं कि सिल्वर की वर्तमान कीमतें कई मापदंडों के हिसाब से ऐतिहासिक रूप से बढ़ने के बावजूद काफी कम है। उनका मानना है कि जिस तरह से बाकी चीजों का भाव बढते हैं, शेयर मार्केट में तेजी देखने में आई है, तथा जीवन की जरूरत की चीजें महंगी हुई है, उन सामान्य हालातों में भी सिल्वर को वर्तमान हालात में डेढ़ लाख रूपए प्रति किलो के आस पास होना चाहिए था, जबकी यह अभी भी केवल 1 लाख के भीतर ही चल रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में सिल्वर में ऐतिहासिक तेजी देखने को मिल सकती है। वैसे भी औद्योगिक उत्पादन बढ़ता जा रहा है, खनन कम हो रहा है और रूस - युक्रेन, चीन - अमेरिका, भारत - पाकिस्तान, इराक - इजराइल जैसे देशों के बीच युद्ध व राजनीतिक तनाव के वजह से कमजोर आर्थिक संकेतों के मुकाबले सिल्वर के रेट बहुत कम है। निवेशकों के लिए मध्यम और लंबी अवधि में अच्छा मुनाफा कमाने और अपनी संपत्ति की सुरक्षा करने के लिए अभी भी सिल्वर खरीदना एक शानदार अवसर है माना जा रहा है। ऐसे हालात में तय है कि आने वाले दिनों में सिल्वर के रेट और तेजी से बढ़ेंगे।



**मनोज शोभावत**
आनंद दर्शन सिल्वर्स

सिल्वर लगभग 1 लाख के आंकड़े के आसपास है, किसी ने सोचा तक नहीं था कि ये रेट इतने बढ़ जाएंगे। लेकिन वैश्विक हालात जिस तरह से सिकुड़ते जा रहे हैं, सिल्वर की खपत भी बहुत ही तेजी से बढ़ रही है, इसका निष्कर्ष यही है कि सिल्वर का और महंगा होना तय है।



**अनिल सिंघवी**
अरिहंत 925 ज्वेलरी प्रा. लि.

सिल्वर की चमक बढ़ने का कारण यह माना जा रहा है कि दुनिया भर में इसकी खपत बढ़ी है। वर्तमान कीमतें कई वैश्विक मापदंडों के हिसाब से ऐतिहासिक रूप से बढ़ने के बावजूद काफी कम मानी जा रही है, इसका मतलब साफ है कि आने वाले दिनों में सिल्वर और महंगा होगा।



**विकास जैन**
सिल्वरिवो अर्टेसा प्रा. लि.

यह तय है कि आने वाले कुछ ही दिनों में सिल्वर सवा लाख पर पहुंच सकता है। दुनिया भर के देशों के हालत बता रहे हैं कि प्रीशियस मेटल्स के रेट और तेजी से बढ़ेंगे। हिसाब से तो सिल्वर डेढ़ लाख रूपए प्रति किलो पर होना चाहिए था। जबकि यह अभी 1 लाख के भीतर ही है।

# दिवाली पर कितने बढ़ेंगे दाम? त्योहार और शादी के सीजन पर सोना होगा महंगा



नवरात्रि और उसके बाद दिवाली पर्व आने वाले ही हैं, ऐसे में सराफा व्यापारियों को बड़ी उम्मीदें हैं, लेकिन सोना-चांदी के आसमानी भाव और आगे भी तेजी की संभावनाओं के बीच इस बार त्योहारी ग्राहकी कैसी रहेगी, इस पर एक्सपर्ट भी कोई ठोस जवाब नहीं दे पा रहे हैं, उनका कहना है कि वैश्विक स्तर पर चल रही युद्धक गतिविधियों के चलते निवेशक सहित दुनिया के बड़े बैंक गोल्ड कोटा बढ़ा रहे हैं। ऐसे में कीमती धातुओं का भविष्य तेजीसूचक है। यानी आगामी त्योहारों पर सोना-चांदी के भाव कम नहीं होंगे। बीते करीब एक साल के आंकड़े बताते हैं कि सोना-चांदी ने 15 फीसदी से अधिक का रिटर्न दिया है। आभूषण बाजार में वजन में हलके और फैंसी आभूषणों की मांग रह सकती है। भारी वजन वाले गहनों का बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं रहेगा।

सोना-चांदी की कीमतों में तेजी के बीच आम उपभोक्ता खासा चिंतित है।

**सोना-चांदी की कीमतों में तेजी के बीच आम उपभोक्ता परेशान, क्योंकि आगे त्योहारी और वैवाहिक सीजन भी आने वाला है, एक्सपर्ट बोले फिलहाल कम नहीं होंगे रेट, और बढ़ेंगी सोना-चांदी की कीमतें**

क्योंकि आगे त्योहारी और वैवाहिक सीजन भी आने वाला है। लोग जरूरत के हिसाब से इन शुभ दिनों आभूषण खरीदते हैं।

सराफा एक्सपर्ट नवनीत अग्रवाल कहते हैं कि बीते करीब एक साल में सोना- चांदी ने बेहतर रिटर्न दिया है। इसलिए वर्तमान भाव पर निवेश किया जा सकता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि दुनिया के कई देशों में युद्ध की स्थिति बनी हुई है, इसलिए सोना-चांदी के भाव घटने की उम्मीद कम ही है। इस बार दिवाली पर सोना 80,000 रुपए प्रति दस ग्राम एवं चांदी 95,000 रुपए प्रति किलो तक हो सकता है। यदि सोना-चांदी के ये भाव दिवाली तक जाते हैं तो कीमती आभूषण, सिक्के, मूर्तियां, कलश, बर्तन भी महंगे हो जाएंगे। चांदी का उपयोग औद्योगिक इकाइयों में भी किया जाता है।

खासकर कंज्यूमर इलेक्ट्रानिक्स इंडस्ट्री में। इसका लगभग सभी कंप्यूटर, मोबाइल फोन, ऑटोमोबाइल और उसके उपकरणों में उपयोग होता है। पिछले साल की तुलना में इस साल चांदी की मांग में वैश्विक रूप से करीब 11 फीसदी का उछाल आया है। वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के माहौल में आगे सोना-चांदी के भावों में मंदी की संभावना नहीं है। इसलिए आम उपभोक्ता से लेकर निवेशकों को चाहिए कि वे वर्तमान भाव पर कीमती धातुओं में पैसा लगा सकते हैं।




SANGAM™

CHAINS N JEWELS

(Unit of Shashwat Ornaments Pvt. Ltd.)

## SANGAM CHAINS N JEWELS

**Wholesale Showroom:** DD Jewels Market, 4th floor,

1st Agyari Lane, Zaveri Bazar, Opp khau Galli, Mumbai 400003.

**+91 22 2345 2827 / 2745 / 2777 / 2346 4747**

Shashwat

Ornaments

Purity. Finnese. Luxury

## SHASHWAT ORNAMENETS

**Manufacturing Unit:** G4, Melstar House, 2nd floor,

MIDC Cross Road-A, Near Marol Bus Depot,

Andheri (East), Mumbai -400 093.

**Branches: THRISSUR • KERALA**

DL LAKHANI

*Beyond Celebrations...*



**Dewang Lakhani**
9819384241

*With Best Compliments From*

- LAKHANI CATERERS
- LAKHANI TRADERS
- LAKHANI CATERING
- LAKHANI HOSPITALITY
- NITYA INC

LD Lakhani Decorator

**Rajesh Lakhani**
9820084241

**OUR PANEL :** • **SAYA RESORT** (BHIWANDI) •**TULIP STAR** (JUHU, VILE PARLE W) •**NSCI**(WORLI) • **QUEENS LAWN** (BORIVILI W)

**OUR ASSOCIATES** • **BAYVIEW** (MAZGAON) • **KUTCHI GROUND** (BORIVILI W) • **PARSEE GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **KORA KENDRA GROUND** (BORIVILI W) • **WILSON GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **PUSPANJALI GROUND** (BORIVILI W) • **ISLAM GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **SRPF GROUND** (JOGESHWARI E) • **SOMAIYA GROUND** (GHATKOPAR) • **JVPD** (JUHU,VILE PARLE W)

## MOGRA

Banquet by D Lakhani Hospitality / Rajiv Gandhi Institute, Versova Link Road, (Andheri West).




## BANQUET • CATERING • DECOR • HOSPITALITY






## LAKHANI BANQUET

Managed By D Lakhani Hospitality
(Malad West)

Address: Office No 6, 1st Floor, kutch Castle Building, Opp.Tiwari Sweets,Opera House, Mumbai - 400004.

Follow Us On D LAKHANI HOSPITALITY http://dlakhanihospitality.com/

RJ

RAJ
JEWELLERS



REET
CZ JEWELLERY


kiranraj1111@gmail.com

+91 98216 80168

Goregaon, Mumbai

@rajjewellersmumbai


carron
ready made garments
Men's wear | Women's wear | Kids wear
Kalbadevi | Kemps Corner | Kalyan (Mumbai)
Contact Number : +91 8866435435
carronclothing
carronfashion



L K JEWELS
Manufacturing Mangalsutra
Since 1986
Together
LALIT INTODIA
+91 93224 55625
ALPIT INTODIA
+91 96994 99479
CHIRAG INTODIA
+91 70216 36885
1st Floor, Office No. 102, Plot No. 231/233,233A, Moti Bazar, Shakti Memon Street, Zaveri Bazar, Mumbai - 400 002.
Mob: +91 93224 55625 | Tel.: 022 6183 7987 | I.com: 7987

# 5 BHK FULLY FURNISHED VILLA

WITH PRIVATE POOL/PLUNGE POOL/PRIVATE LAWN


**OUTRIGHT @INDUS, LONAVALA**

**NEAR AVKAR/ GREEN HEAVEN SOCIETY**



**NEAR JAIN DERASAR**

**PLOT AREA : 3600 TO 5800 SQ. FT.**
**USABLE CARPET AREA :**
**5000 SQ. FT. APPROX**
















## Amenities

- CLUB HOUSE
- SWIMMING POOL
- GYMNASIUM
- PARTY HALL
- VEG. RESTAURANT
- ASTRO TURF
- SERVANT ROOM
- PLUNGE POOL
- CHILDREN'S PLAY AREA
- PRIVATE LAWN








**M/s Skyline Construtech Pvt. Ltd.**

Indus Society, Sadapur Village, Taluka Maval, Lonavala

Contact Details : 022-22002596 / 022-22056776

Mob.: 98202 22702, Email : shrenik@rishabhimpex.com


Manufacturers and Wholesalers of
exquisite Gold Chains & ornaments.
Royal. Timeless. Versatile.
#HameshaKeLiyeRoyal
ROYAL CHAINS
PVT. LTD.
127/129, Royal House, 1st Floor,
Zaveri Bazaar, Mumbai - 400 002
Tel.: 23119999
Mob.: +91 97690 20737
E-mail: orders@royalchains.com,
Website: www.royalchains.com

# जीजेएस बना विकास का आधार

## ज्वेलरी इंडस्ट्री की उम्मीद के मुताबिक सफल रही जीजेसी की एग्जीबिशन





**संयम मेहरा**
चेयरमेन-जीजेसी

भारत में ज्वेलरी इंडस्ट्री की प्रमुख संस्था ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के अध्यक्ष और जीजेएस के संयोजक संयम मेहरा ने 'जीजेएस' के कभी ना भूलने वाले नाम से मशहूर इस दीपावली एग्जीबिशन की सफलता व यादगार समापन पर खुशी व्यक्त की। मेहरा ने कहा कि इस एग्जीबिशन के दौरान, कई एग्जीबिटर्स ने अपने नए ज्वेलरी कलैक्शंस, सिग्नेचर ज्वेलरी को गौरवशाली परंपरा के साथ बाजार में उतारा। इस बार कई ज्वेलरी कलेक्शंस ऐसे थे, जो समकालीन ज्वेलरी निर्माण की परंपरा के साथ भविष्य की ज्वेलरी परंपरा को भी परस्पर जोड़ते हैं। आधुनिक और परंपरागत दोनों भावनाओं से प्रेरित इस बार के कई ज्वेलरी कलेक्शंस ने अपने अभिनव डिजाइनों और हाई क्वालिटी मटेरियल के लिए एग्जीबिशन में आए देश भर के ज्वेलर्स का ध्यान आकर्षित किया।


**राजेश रोकडे**
वाईस चेयरमेन-जीजेसी

जीजेसी के उपाध्यक्ष राजेश रोकड़े ने कहा कि जीजेएस एग्जीबिशन ने ज्वेलरी क्षेत्र के उभरते डिजाइनरों को एक अभिनव मंच भी प्रदान किया, जिससे उन्हें अपनी रचनात्मकता का बेहतरीन प्रदर्शन करने और ज्वेलरी इंडस्ट्री के भीतर ज्वेलरी ट्रेड से जुड़े लोगों से संबंध बनाने के अवसर भी मिले। ज्वेलरी सेक्टर के शोकेस में उभरते डिजाइनरों के बीच कुछ तो काफी होनहार युवा प्रतिभा संपन्न ज्वेलरी निर्माता थे, जिन्हें इस एग्जीबिशन में समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। इस एग्जीबिशन के दौरान ज्वेलरी डिजाइन पर मार्केट का एक नया दृष्टिकोण सामने आया। जीजेसी के उपाध्यक्ष राजेश रोकड़े कहते हैं कि इस आयोजन में विजिटर्स की ओर से ज्वेलरी सेक्टर को लेकर जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जिसमें कई लोगों ने एग्जीबिशन में प्रदर्शित ज्वेलरी के शिल्प कौशल और अभिनव डिजाइंस की काफी प्रशंसा की।

मुंबई। देश में ज्वेलरी हब के रूप में मुंबई का नाम सबसे ऊपर माना जाता है, और ज्वेलरी इंडस्ट्री की किसी भी गतिविधि को दुनिया के नक्शे तक पहुंचाने के लिए मुंबई में किया गया आयोजन ज्वेलरी इंडस्ट्री की सफलता को साबित करने के लिए पर्याप्त है। इसी सिलसिले में मुंबई में हाल ही में संपन्न ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) द्वारा आयोजित ज्वेलरी एग्जीबिशन जेम्स एंड ज्वेलरी शो (जीजेएस) दीपावली - 2024 को भी देखा जा सकता है, जो लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ता जा रहा है। ज्वेलरी एग्जीबिशन बेहद रोमांचक आयोजन होते हैं जो किसी भी ज्वेलरी निर्माताओं, ज्वेलरी शो रूम संचालकों, ज्वेलरी कारीगरों, ज्वेलरी मशीनरी निर्माताओं, और गोल्ड, सिल्वर, प्लैटिनम, डायमंड, स्टोन्स आदि के होलसेल व रिटेल व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे अवसर प्रदान करते हैं। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) की हाल ही में संपन्न जीजेएस का दीपावली एग्जीबिशन जेम्स एंड ज्वेलरी इंडस्ट्री की सैकड़ों कंपनियों को एक छत के नीचे लाने में कामयाब रही है, जिससे जीजेएस एक विशाल व्यापारिक आयोजन बन गया है। भारत में पूरे साल बड़ी संख्या में ज्वेलरी एग्जीबिशन कई होते हैं और सामान्य तौर पर देखा जाता रहा है कि इन एग्जीबिशन मे प्रत्येक छोटे - बड़े ज्वेलरी व्यवसायियों और निर्माताओं को समान अवसर प्रदान किये हैं, लेकिन जीजेसी के मुंबई में संपन्न जीजेएस दीपावली एग्जीबिशन ने देश भर से आए जेम्स एंड ज्वेलरी इंडस्ट्री के एग्जीबिटर्स, विजिटर्स और आयोजकों व प्रायोजकों को एक खास तरह की संतुष्टी दी है, कि यह शो अपने मकसद में सफल होता जा रहा है।


**नीलेश शोभावत**
सह-संयोजक-जीजेएस

जीजेएस के सह-संयोजक नीलेश शोभावत ने ज्वेलरी एग्जीबिशन की सफलता को नए आयाम देने में शामिल उन सभी सहभागियों, ज्वेलरी कारीगरों और विजिटर्स के प्रति आभार व्यक्त किया। शोभावत नेकहा कि इस बार के एग्जीबिशन के शानदार के समापन के साथ हीजीजेसी अपने अगले एडिशन के लिए भी अभी से विभिन्न नई योजनाओं कीतैयारी कर रहा उन्होंने कहा कि जीजेसी भविष्य के अपने आयोजनों में असाधारण ज्वेलरी शिल्प कौशल और एक खास तरह के ज्वेलरी एक्सपीरियेस प्रदान करने की अपनी परंपरा को आगे भी जारी रखने का वादा करता है।

ज्वेलरी उद्योग में ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) एक बेहद अग्रणी नाम है जो अखिल भारतीय स्तर पर रत्न एवं आभूषण व्यापार के असंगठित व संगठित व्यवसाय के संवर्धन के लिए लगातार प्रयासरत है। जीजेसी ने बीते सितंबर महीने की 25 से 28 तारीख तक मुंबई में बीकेसी स्थिक बेहद प्रतिष्ठित स्थल जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में अपनी बहुप्रतीक्षित ज्वेलरी एग्जीबिशन, जेम्स एंड ज्वेलरी शो (जीजेएस) दीपावली - 2024 का आयोजन किया, जिसमें भारत भर से ही नहीं विदेशों से भी अपनी ज्वेलरी की प्रदर्शनी के लिए हजारों लोग पहुंचे ते। दिवाली 2024 के सफल समापन की घोषणा करते हुए खुशी व्यक्त की है। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) ने इस एग्जिबिशन को 'हमारा

अपना शो' के रूप में दुनिया के दिलों में उतारने की कोसिश की है, जो एक बद तक बहुत ही सफल रही। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) का कहना है कि इस अभिनव आयोजन ने हजारों ज्वेलरी प्रेमियों, ज्वेलरी के पारखियों और ज्वेलरी इंटस्ट्री के प्रोफेशनल्स को जबरदस्त ढंग से आकर्षित किया, जिससे ज्वेलरी के उत्कृष्ट शिल्प कौशल, उसकी कला और रचनात्मकता सहित व्यापारिक विकास के नए आयाम गढ़ने के मामले में जेम्स एंड ज्वेलरी शो (जीजेएस) दीपावली - 2024 एक सबसे यादगार एग्जिबिशन इवेंट बन गया। सही मायने में कहा जाए, तो हाल ही में देश भर में संपन्न कई बड़े ज्वेलरी शो के बाद होने वाले इस जीजेएस दीपावली 2024 शो को सफल बनाना कोई आसान खेल नहीं था। लेकिन ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल ने अपने इस आयोजन को सफल बनाने की हर कोशिश की। जीजेएस की सफलता के लिए आयोजकों की तरफ से माइक्रो रणनीति के तहत हर सुविधा खड़ी की गई, ताकि किसी भी विजिटर को किसी भी तरह की परेशानी न हो तथा एग्जीबिटर्स को भी संतुष्टि मिले। जीजेएस के आयोजन पूर्व देश केप्रमुख शहरों में कई रोड शो आयोजित किए गए। इन रोड़ शो में हजारों ज्वेलर्स ने सहभागिता के जरिए जीजेएस की सफलता की पुष्टि की, जो कि वास्तविक रूप में भी देखने को मिली।

जीजेएस के नाम से मशहूर जेम्स एंड ज्वेलरी शो (जीजेएस) दीपावली - 2024 के यादगार एग्जिबिशन इवेंट बनने के सबसे महत्वपूर्ण कारण यह भी रहा कि इस एग्जिबिशन में ज्वेलरी के विविध कलेक्शंस को प्रदर्शित किया गया था, जिसमें विशेष उच्च-स्तरीय डिज़ाइन, स्टेटमेंट पीस और समकालीन कलेक्शंस शामिल हैं। जीजेएस दीपावली - 2024 की सबसे खास बात यह रही कि इस एग्जिबिशन में प्रदर्शित प्रत्येक ज्वेलरी अपनी क्वालिटी, कलात्मकता और नवीनता के मामले में इसके प्रतिभागी ज्वेलर्स की अपने व्यापार के विकास की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब थी। मनभावन लुभवने वाले नेकलेस और बेहतरीन कारीगरी से संपन्न कंगन से लेकर चमकदार झुमके और विशेष रूप से डिज़ाइन की गई खास ज्वेलरी, इस एग्जिबिशन की जान थी। नए जमाने की नई पीढ़ी की पसंद की ज्वेलरी के विभिन्न ट्रेंड्स की एक विस्तृत श्रृंखला इस एग्जिबिशन मेंदेखने को मिली। खास बात यह रही कि इस एग्जिबिशन में आने वाले ज्वेलरी व्यवसाय से जुड़े हर व्यक्ति के लिए कुछ खास पेश किया गया था।

ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) अपने इस आयोजन के जरिए दुनिया भर के कुछ बेहतरीन ज्वेलरी कारीगरों को एक साथ एक मंच पर लाने में सफल रही, जिसमें पारंपरिक तकनीकों और आधुनिक रुझानों के मिश्रण यानी फ्यूजन को बाजार में उतारने के नए अवसर बने। जीजेएस दीपावली - 2024 के विजिटर्स को ज्वेलरी बनाने, स्टोन कटिंग और मेटल के काम को दुनिया तक पहुंचाने वाले कारीगरीपूर्ण ज्वेलरी को देखने के अवसर मिले।



**देश में लगातार एक के बाद एक आयोजित हो रही ज्वेलरी एग्जीबिशन के बीच जीजेएस जैसे बड़े एग्जीबिशन का सफल हो जाना किसी बड़ी मेहनत का कमाल ही कहा जा सकता है। ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) द्वारा आयोजित ज्वेलरी एग्जीबिशन 'जेम्स एंड ज्वेलरी शो' (जीजेएस) की सफलता उसी श्रेणी में गिनी जा सकती है।**

जीजेएस दीपावली - 2024 एग्जिबिशन में साधारण मेटल के प्रत्येक टुकड़े को आवश्यक सटीकता और समर्पण के साथ अपनी अनूठी अंतर्दृष्टि के जरिये लुभावनी शक्ल प्रदान करके ज्वेलरी के स्वरूप में ढालने की कमाल की कारीगरी देख कर लोग दंग थे है। जीजेएस दीपावली - 2024 एग्जिबिशन का उदघाटन सूरत के दिग्गज उद्योगपति गोविंदभाई ढोलकियाने किया। ढोलकिया जीजेएस दीपावली - 2024 एग्जिबिशन में मुख्य अतिथि थे। जीजेएस दीपावली - 2024 के उदघाटन अवसर पर उपस्थित प्रतिष्ठित हस्तियों में ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के अध्यक्ष संयम मेहरा, पूर्व अध्यक्ष आशीष पेठे, सह-संयोजक नीलेश शोभावत, उपाध्यक्ष राजेश रोकड़े, पूर्व अध्यक्ष नितिन खंडेलवाल, विशिष्ट अतिथि अजय चावला, पीएन गाडगिल के सौरभ गाडगिल एवं सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के सुवांकर सेन आदि उपस्थित थे। देश भर के ज्वेलर्स के व्यापारिक विकास की अभिनव कोशिश के तहत ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय जीजेएस दीपावली - 2024 के विशेष कार्यक्रमों और नेटवर्किंग से भरे माहौल में हर किसी के जानने, समझने और व्यावसायिक संबंधों के विकास के अनेक आयोजन थे। इसके अलावा जीजेएस दीपावली - 2024 की पहली शाम को फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल और मुग्धा गोडसे सहित अन्य बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने ज्वेलरी के साथ रैंप वॉक किया, जबकि दूसरा दिन फिल्म अभिनेत्री तारा सुतारिया के साथ नेशनल ज्वेलरी अवॉर्ड्स को समर्पित रहा।

ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के जीजेएस के नाम से विख्यात इस दीपावली एग्जीबिशन में जेम्स एंड ज्वेलरी इंडस्ट्री से जुड़े भारत भर और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से 700 से अधिक बूथों पर 400 से अधिक एग्जीबिटर्स की ज्वेलरी को जबरदस्त प्रतिसाद मिला। इस बार के जीजेएसमें ज्वेलरी के बेहतरीन डिजाइनों, अत्याधुनिक निर्मितियों और पारंपरिक ज्वेलरी के साथ साथ ब्राइडल ज्वेलरी एवं वक्त के साथ चलने वाले फैशन-फॉरवर्ड ज्वेलरी कलेक्शंस के प्रति विजिटर्स में विशेष उत्साह देखा गया। जैसा कि इस एग्जीबिशन को शानदार प्रदर्शनी के रूप में आयोजित करने का जीजेसी का वादा था, उसी के अनुरूप जीजेएस पूरी तरह से सफल रहा है। वेडिंग सीजन और फेस्टिवल सीजन से ठीक पहले, यह ज्वेलरी शो नवरात्रि से 8 दिन पहले आयोजित हुआ, जो कि दशहरा से 17 दिन पहले, धनतेरस से 4 दिन पहले, दीपावली से 7 दिन पहले और वैडिंग सीजन से 48 दिन पहले निर्धारित किया गया था, ताकि इस एग्जीबिशन के कारण देश भर में ज्वेलरी की खरीद के सीजन से पहले बाजार में ज्वेलरी की उपलब्धता भी हो सके।

दरअसल, ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी डॉमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) एक नेशनल बिजनेस काउंसिल है, जिसका उद्देश्य ज्वेलरी इंडस्ट्री के कामकाज को विकसित करना और इसके ज्वेलर्स के व्यापार के विकास की संभावनाओं का संरक्षण करना है, ताकि ज्वेलरी इंडस्ट्री के हितों की रक्षा करते हुए इसके विकास को और तेजी से बढ़ावा दिया जा सके। जीजेसी पिछले लगभग दो दशक से सरकार और ज्वेलरी इंडस्ट्री के बीच एक सेतु के रूप में काम कर रहा है और साथ ही ज्वेलरी इंडस्ट्री की ओर से और व्यावसायिक विकास के लिए विभिन्न पहल भी कर रहा है। जीजेसी एक स्व वित्तपोषित व्यापारिक निकाय है, जिसकी ज्वेलरी एग्जीबिशन जेम्स एंड ज्वेलरी शो (जीजेएस) को भी लगातार सफलता के पथ पर आगे बढ़ने की संभावनाएं विकसित हो रही है। जीजेएस में देश के विभिन्न हिस्सों से आए ज्वेलर्स की बड़ी तातादा में उपस्थिति को देखकर यह विश्वास व्यक्त किया जा सकता है कि व्यवसाय के विकास की राह आसान करने की दिशा में जीजेएस एक बेहतरीन ज्वेलरी शो का प्लेटफॉर्म बन चुका है। इस बार के शोक को देख कर यह कहना सही होगा कि यह शो रिटेल ज्वेलरी विक्रेताओं के लिए विशिष्ट और ट्रेंड सेटिंग ज्वेलरी की खोज का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बना है, तो सभी ज्वेलर्स के लिए एक मजबूत व्यावसायिक संबंध बनाने के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने में भी यह शो बहुत बड़े स्तर पर सफल रहा है। जीजेसी के इस बार के शानदार जेम्स एंड ज्वेलरी शो-दीपावली 2024 में बेहतरीन ज्वेलरी शिल्प कौशल और कालातीत लालित्य से सजे डिजाइंस ज्वेलरी का प्रदर्शन देखने को मिला जो कि हर विजिटर के लिए अपने आप में एक अलग अनुभव रहा।

**जीजेएस देश भर के 3 लाख से अधिक जेम एंड ज्वेलरी व्यवसायियोंके हितों के संरक्षण के मामले में अग्रणी संस्थान है।यह संस्थान गोल्ड, सिल्वर, प्लेटिनम, डायमंड, जेम स्टोन, और ज्वेलरी सहित ज्वेलरी की मशीनरी आदि के हर स्तर के व्यवसायियों के हितों को संवारने तथा सरकार व ज्वेलरी इंडस्ट्री के स्तर पर जीजेसी एक मजबूत माध्यम बना हुआ है।**

# महाराष्ट्र सरकार द्वारा इंडिया ज्वैलरी पार्क के लिए स्टाम्प ड्यूटी छूट की पेशकश-जीजेईपीसी

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य सरकार ने महापे, नवी मुंबई में जीजेईपीसी की एक परियोजना, इंडिया ज्वेलरी पार्क के भीतर भूमि के पहले लीज और उसके बाद के सब-लीज पर स्टांप शुल्क की पूर्ण छूट की घोषणा की है। 25 सितंबर 2024 के महाराष्ट्र सरकार के राजपत्र में उल्लिखित निर्णय का उद्देश्य आभूषण क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करना और भारत आभूषण पार्क के विकास को बढ़ावा देना है। सरकार ने महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) और मेसर्स के बीच निष्पादित भूमि के पहले लीज पर स्टांप शुल्क पूरी तरह से माफ कर दिया है। इंडिया ज्वेलरी पार्क, साथ ही पार्क के भीतर बाद के सब लीज पर। इस छूट का लाभ इंडिया ज्वेलरी पार्क के भीतर सभी पात्र इकाइयों पर लागू है।

जीजेईपीसी के अध्यक्ष विपुल शाह ने कहा, हम नवी मुंबई में इंडिया ज्वेलरी पार्क के लिए स्टांप शुल्क माफ करने में समर्थन के लिए महाराष्ट्र सरकार के बहुत आभारी हैं। यह महत्वपूर्ण पहल रत्न और






विपुल शाह

आभूषण उद्योग के विकास में एक प्रमुख मील का पत्थर है। व्यवसायों पर वित्तीय बोझ कम करके, स्टांप शुल्क माफी न केवल निवेश को प्रोत्साहित करेगी बल्कि इस क्षेत्र के विकास को भी गति देगी। इंडिया ज्वेलरी पार्क आभूषण मैन्युफैक्चरिंग परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार है। यह नवाचार, उत्पादन और व्यापार के लिए एक अत्याधुनिक केंद्र बनाएगा, निर्यात को काफी बढ़ावा देगा,

नौकरियां पैदा करेगा और भारत की शिल्प कौशल पर वैश्विक ध्यान आकर्षित करेगा। सरकार के इस समर्थन से, यह पार्क भारत को रत्न और आभूषण उद्योग में विश्व में अग्रणी बनाने के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार ने कहा है कि यह निर्णय राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उसके प्रयासों के अनुरूप है।

आभूषण क्षेत्र को प्रोत्साहन देकर, सरकार का लक्ष्य अग्रणी विनिर्माण केंद्र के रूप में महाराष्ट्र की स्थिति को मजबूत करना है। स्टांप शुल्क माफी से महाराष्ट्र के आभूषण उद्योग पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। इससे नए निवेश आकर्षित होने, नौकरियां पैदा होने और क्षेत्र में समग्र आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलने की संभावना है। इंडिया ज्वेलरी पार्क देश में आभूषण निर्माण और डिजाइन का एक प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।












# A LUXURY Ⓥ BRAND

**We have shifted to a New Address to serve you better**

**Floor-1, Plot 219/221, Mehta Mansion, Shaikh Memon St., Zaveri Bazaar, Opp. ICICI Bank, Kalbadevi, Mumbai - 400 003.**

V CHAINS®

**Million Designs. One Address**

+91 98192 09900 / 93211 18800
vchainsjewellery@gmail.com
www.vchainsjewellery.com Icom 8800 / 8900

My GOLD

**18kt Designer Jewellery**
**(A Unit of V Dia Jewels Pvt. Ltd.)**

88504 92038 / 90044 87585
mygoldjewel@gmail.com


FOLLOW US
JJ Jewelfolio
House of Pomani's
Natural Diamonds - Better Polki's - LuvGrown Solitaires
744 916 3 916
jewel_folio
www.jewelfolio.in
jewelfolio@gmail.com
Glitz Mall, Shop No. A-103-106, 99-Vitthalwadi, Kalbadevi Road, Mumbai 400002. INDIA.
Gautam Pomani +91 98212 37189
Anant Pomani +91 77380 49201

Supported by

Department of Commerce
Ministry of Commerce & Industry
Government of India

A Project of
GJEPC
INDIA
Sponsored by Ministry of Commerce & Industry
Govt. of India

# YOUR GATEWAY TO THE MIDDLE EAST MARKET

IJEX
India Jewellery Exposition Centre
Dubai, UAE

**Business Beyond Borders**





- **Showcase Your Products:** Connect with a vast audience of buyers and industry professionals.
- **Expand Your Network:** Build relationships with key players in the Middle East market and explore new business opportunities.
- **Boost Your Exports:** Increase your sales and market share in one of the world's most lucrative regions.
- **Subsidized Rates:** Book exclusively designed office space at subsidized rates.



**LIMITED SLOTS AVAILABLE. BOOK YOUR SPACE TODAY!**

**VISIT US:**
HIND PLAZA 8, 401, DUBAI GOLD SOUK EXTENSION, DEIRA, DUBAI.

**9AM TO 6 PM**
FOR MORE DETAILS, CONTACT:
Aslam Shaik | aslam.shaik@gjepcindia.com
+971-58-582-9286

**Business Beyond Borders.**

www.gjepc.org | gjepcindia | gjepcindia | gjepcindia



SKY GOLD
Sky9
Diamonds
iiJS SIGNATURE
INDIA INTERNATIONAL JEWELLERY SHOW
2025
5TH - 8TH JANUARY, 2025
Bombay Exhibition Centre-Mumbai
HALL NO. 4
BOOTH NO.
4T 508
Darshan Chauhan
+91 98339 72525
sales@skygold.co.in
Scan to view
Instagram page